सुविचार

समर्पण का अर्थ है - पूर्णरूपेण प्रभु को हृदय में स्वीकार करना, उनकी इच्छा, प्रेरणाओं के प्रति सदैव जागरूक रहना और जीवन के प्रतयेक क्षण में उसे परिणत करते रहना।

दैनिक नर्मदा न्यूज TO THE POINT

RNI.No.MPHIN/25/A3054

www.narmadanewsttp.com






● वर्ष-1, ● अंक- 154 भोपाल से प्रकाशित ● भोपाल, रविवार 23 नवंबर, 2025 ● मूल्य 2 रुपए ● पृष्ठ 8


# मैनिट दीक्षांत समारोह में 1600 छात्रों को मिली डिग्री

● सुहानी बत्रा को 5 गोल्ड, पूर्व छात्र डीजीपी मकवाना ने की 'सेंटर ऑफ पब्लिक सेफ्टी' की घोषणा

**भोपाल।** मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान यानी मेनिट भोपाल में 22वां दीक्षांत समारोह 22 नवंबर 2025 को आयोजित हुआ। समारोह में कुल 1600 छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में डिग्री प्रदान की गई। इनमें 72 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी गई। डिग्री के साथ कई विद्यार्थियों को गोल्ड और सिल्वर मेडल




भी प्रदान किए गए। इनमें छत्तीसगढ़ की सुहानी बत्रा ने 5 गोल्ड मेडल हासिल किए। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग कोर्स की सुहानी बत्रा ने 9.75 अंकों के साथ अपने विभाग में पहला स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कुल 5 गोल्ड मेडल हासिल किए। वह छत्तीसगढ़ के जगदलपुर की निवासी हैं। सुहानी ने बताया कि वह पिछले तीन महीनों से टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स में डेटा इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। समारोह में पुलिस महानिदेशक और मेनिट के पूर्व छात्र कैलाश मकवाना विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# उदयपुर में रणवीर सिंह के साथ नाचे ट्रम्प के बेटे

● उनकी गर्लफ्रेंड ने भी किया डांस, दोनों ने जमकर मचाई धूम

● रॉयल वेडिंग में करण जौहर का दूल्हा-दुल्हन के साथ टॉक शो

**उदयपुर (एजेंसी)।** उदयपुर में अमेरिकी राष्ट्रपति के बेटे डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर और उनकी गर्लफ्रेंड बेटिना एंडरसन ने बॉलीवुड गानों पर डांस किया। बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह ने दोनों के साथ स्टेज शेयर की। ये पावर कपल अमेरिकी बिजनेसमैन रामा राजू मंटेना की बेटी की शादी में शामिल होने पहुंचा है। 23 नवंबर को होने वाली इस रॉयल वेडिंग के फंक्शंस में शुक्रवार की शाम बॉलीवुड एक्टर्स ने परफॉर्म किया। देसी गानों पर वरुण धवन, रणवीर सिंह, कृति सेनन, जैकलीन फर्नांडीस के डांस ने देश-विदेश से पहुंचे गेस्ट को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस बॉलीवुड नाइट में प्रोड्यूसर-डायरेक्टर करण जौहर ने दूल्हे वामसी गडिराजू और दुल्हन नेत्रा मंटेना के



साथ एक मजेदार टॉक शो भी किया। शनिवार को इस रॉयल वेडिंग के फंक्शंस में हॉलीवुड स्टार परफॉर्म करेंगे। इस वेडिंग में शामिल होने के लिए शुक्रवार रात को जेनिफर लोपेज भी उदयपुर पहुंची। वे लीला होटल में रुकी हैं। होटल में राजस्थानी स्टाइल में फूल बरसाकर उनका स्वागत किया गया। इस वेडिंग के फंक्शंस में शनिवार को होने वाली हॉलीवुड नाइट में जेनिफर लोपेज के साथ पॉप स्टार जस्टिन बीबर ने परफॉर्म किया। दोनों ने सिटी पैलेस के माणक चौक में परफॉर्मेंस दिया। जस्टिन बीबर दोपहर को उदयपुर पहुंचे। शुक्रवार को ताज लेक पैलेस में हल्दी की रस्में हुईं। इसमें मेहमान पीले कपड़े पहनकर गीत-संगीत के बीच नाचते दिखाई दिए। सिटी पैलेस में मेहंदी की रस्म व डिनर हुआ।

# ग्रीन एनर्जी है राष्ट्र के विकास का सबसे मजबूत स्तंभ: सीएम

● सीएम बोले-हरित ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र के विकास के लिए हर निवेशक और कम्पनियों का मध्यप्रदेश में दिल से है स्वागत ● कहा-एमपी में हरित ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र में निवेश की हैं असीम संभावनाएं, ग्रीनको कम्पनी के ऑफिस का किया भ्रमण



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को हरित ऊर्जा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही ग्रीनको कंपनी के हैदराबाद स्थित मुख्यालय का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने कंपनी की अत्याधुनिक तकनीकों, ऊर्जा संरक्षण प्रणालियों और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन से जुड़े विभिन्न प्रोजेक्ट्स का बारीकी से अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्रीन एनर्जी आज राष्ट्र के विकास का सबसे मजबूत स्तंभ बनती जा रही है। ग्रीन एनर्जी प्रोडक्शन और इसके एक्सप्लोरेशन की दिशा में ग्रीनको समूह का योगदान अनुकरणीय और सराहनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कम्पनी के अधिकारियों के साथ हुई सौजन्य बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में ग्रीन एंड रिन्युएबल एनर्जी सेक्टर में हो रही ऐतिहासिक प्रगति का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत आज हरित ऊर्जा उत्पादन में वैश्विक स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बना चुका है। मध्यप्रदेश इस मामले में अग्रणी राज्य बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में हरित ऊर्जा उत्पादन में निवेश की असीम संभावनाएं उपलब्ध हैं। इस दिशा में हमारी सरकार भी बड़े से बड़े कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रीन एनर्जी सेक्टर के विकास और विस्तार के लिए मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आने वाले हर समूह और हर कंपनी का हम दिल से स्वागत करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का हैदराबाद प्रवास इसी दिशा में एक बड़ा प्रयास है। इससे राज्य में हरित ऊर्जा उत्पादन, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन में अब नई तेजी आएगी। मध्यप्रदेश और ग्रीनको समूह के बीच परस्पर सहयोग की यह संभावित पहल मध्यप्रदेश को हरित ऊर्जा उत्पादन के राष्ट्रीय केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को कंपनी के ग्रुप सीईओ एवं प्रबंध निदेशक अनिल चैनमला शेट्टी ने कम्पनी द्वारा पूरे देश में संचालित हरित ऊर्जा परियोजनाओं और भविष्य की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उनकी कम्पनी मध्यप्रदेश में भी अपने बिजनेस का विस्तार और निवेश बढ़ाने की दिशा में गंभीरता से काम कर रही है।

# आईएसआई कनेक्शन वाला हथियार तस्करी नेटवर्क पकड़ा

## दिल्ली पुलिस का कमाल, पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हथियार मंगाते

दिल्ली पुलिस ने कहा-लॉरेंस-गोगी जैसे गैंगस्टरों को सप्लाई करते थे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने शनिवार को आईएसआई कनेक्शन वाले एक बड़े इंटरनेशनल हथियार तस्करी नेटवर्क का खुलासा किया। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह से जुड़े चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जो पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हाईटेक हथियार मंगवाकर लॉरेंस, गोगी जैसे गैंगस्टरों को सप्लाई करते थे। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, उन्हें इनपुट मिला था कि कुछ तस्कर दिल्ली में हथियार सप्लाई करने वाले हैं।

इसके बाद रोहिणी एरिया में ट्रैप बिछाकर आरोपियों को पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से तुर्की और चीन में बने 10 हाई-टेक पिस्टल और 92 जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस के मुताबिक यह रैकेट पाकिस्तान से ऑपरेट हो रहा था। हथियार पहले तुर्की और चीन से पाकिस्तान पहुंचाए जाते, फिर वहां से ड्रोन के जरिए पंजाब में गिराए जाते थे। इसके बाद इन्हें यूपी और पंजाब के तस्करों की मदद से दिल्ली और आसपास के राज्यों तक भेजा जाता था और इसे लॉरेंस, बंबिहा, गोगी और हिमांशु भाऊ गैंग को पहुंचाया जाता था। नेटवर्क हवाला के जरिए पाकिस्तान पैसा भेजता था। गिरफ्तार आरोपी पंजाब और यूपी के रहने वाले हैं।

इनका नाम मनदीप, अजय, दलविंदर और रोहन है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि अब तक कितनी खेप भारत में भेजी जा चुकी है और किन गैंग्स तक हथियार पहुंचे। क्राइम ब्रांच मोबाइल लोकेशन, बैंक रिकॉर्ड और सोशल मीडिया लिंक के जरिए पूरे नेटवर्क और उसके विदेशी कनेक्शन की जांच कर रही है।

# मौलाना तौकीर रजा के करीबी पर बीडीए का ऐक्शन

● आरिफ की अवैध संपत्तियों पर चला बुलडोजर, मार्केट-शोरूम ध्वस्त

**बरेली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बरेली में प्रशासन ने मौलाना तौकीर रजा के करीबी आरिफ की अवैध संपत्तियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ध्वस्तीकरण अभियान चलाया है। पीलीभीत रोड पर स्थित आरिफ के फहम लान, फ्लोरा गार्डन और स्काई लार्क होटल को सील करने के बाद, बरेली विकास प्राधिकरण ने उसकी अवैध मार्केट और शोरूम पर बुलडोजर चला दिया है। यह कार्रवाई भारी पुलिस बल की मौजूदगी में की गई,



जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। शनिवार की सुबह लगभग 11 बजे बीडीए ने पीलीभीत बाईपास रोड और जगतपुर क्षेत्र में आरिफ की दो बड़ी संपत्तियों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई शुरू होते ही पूरे इलाके में अफरा-तफरी और भारी दहशत फैल गई। बीडीए की टीम के अवैध निर्माण ढहाने पहुंचने से पहले ही पुलिस ने पूरे क्षेत्र को चारों ओर से घेर लिया था। सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो सके। स्थानीय लोग दूर खड़े होकर इस कार्रवाई को देखते रहे। बीडीए उपाध्यक्ष डॉ ए मनिकंडन ने बताया कि आरिफ ने जगतपुर में बनी पूरी मार्केट और पीलीभीत बाईपास पर बने कपड़ों के शोरूम का निर्माण गलत हुआ है।

# कश्मीर में बनी दिल्ली ब्लास्ट की प्लानिंग

● अल-फलाह यूनिवर्सिटी तैयारी और नूंह छिपने के लिए चुना ● एजेंसियों ने मॉड्यूल पकड़ा तो उमर सुसाइड बॉम्बर बन गया

**फरीदाबाद (एजेंसी)।** दिल्ली में 10 नवंबर को हुए ब्लास्ट की जांच में फरीदाबाद के व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल की साजिश अब पूरी तरह सामने आ रही है। एजेंसियों के मुताबिक इस मॉड्यूल की प्लानिंग बेहद खतरनाक थी। एनआईए ने कश्मीर से लेकर अल-फलाह यूनिवर्सिटी और नूंह के रास्ते दिल्ली में किए गए ब्लास्ट की पूरी साजिश क्रैक की है। जांच टीम ने इस मॉड्यूल के संपर्क में आए 1,000 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की।




इससे पता चला कि मॉड्यूल को सुसाइड बॉम्बर तैयार करने, ड्रोन अटैक कराने और लोन वुल्फ हमले तक की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। यानी एक ही नेटवर्क के जरिए कई तरह के हमले कराने की प्लानिंग चल रही थी। एनआईए के मुताबिक इस मॉड्यूल की जड़ें कश्मीर में खड़ी की गईं, और उसके बाद फरीदाबाद के धौज में स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी कैंपस को ऑपरेशन और प्लानिंग सेंटर बनाया गया।

# भगवान करे कोई नैरेटिव के चक्कर में न फंसे: धनखड़

## भोपाल में कहा-जो जागकर भी सोया, उसे जगा नहीं सकते, इस्तीफे का सवाल टाला

**भोपाल (एजेंसी)।** पूर्व उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार शाम भोपाल के रवींद्र भवन में कहा कि भगवान करे कोई नैरेटिव के चक्कर में न फंसे। जो समझना नहीं चाहते, हर हाल में बात को धूमिल करेंगे। जो जागकर भी सोया हो, उसे जगा नहीं सकते। वे यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मनमोहन वैद्य की पुस्तक 'हम और यह विश्व' के विमोचन




कार्यक्रम में शामिल हुए थे। यह उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद उनका पहला बड़ा सार्वजनिक संबोधन था। कार्यक्रम के अंत में जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा क्यों दिया, तो उन्होंने हाथ जोड़ लिए, गाड़ी में बैठे और बिना कुछ बोले चले गए।

### अंग्रेजी में बोलूंगा, कुछ लोग मंतव्य तोड़-मरोड़ देते हैं

धनखड़ ने कहा कि मैंने विचार-विमर्श के बाद तय किया कि अब अंग्रेजी में संबोधन करूंगा, क्योंकि जो लोग समझना ही नहीं चाहते, वे हर हाल में बात को गलत नैरेटिव में ढाल देंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के व्यापक कॉन्सेप्ट को सीमित कर दिया गया है।

**धनखड़ बोले- अपनी जड़ों से हमेशा जुड़े रहो-** धनखड़ ने कहा कुछ लोगों ने बड़ा हाहाकार कर दिया है। खुद को चुनौतियों के बीच मजबूत रखो। देशभक्ति बहुत जरूरी है। देश के प्रति अपने भाव समझो और वो करो जो देशहित में हो। देश के प्रति आपके कर्तव्य हैं, उन्हें पूरा करो। यह भी देशभक्ति है। बिना किसी बात को समझे, किसी दौड़ में शामिल मत हो। बात को समझो, देखो। अपनी जड़ों को मत छोड़ो, अपनी जड़ों से हमेशा जुड़े रहो। अपने दिमाग के टॉनिक के लिए हमेशा अध्ययन करो। समझो, अच्छी चीज समझो। समाज की सुदृढता के लिए प्रयासरत रहो। आज हमारा भारत बदल रहा।

# बिहार में महाजीत के बाद ओडिशा पहुंचे धर्मेंद्र प्रधान

● हुआ तगड़ा वेलकम, राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर लग गई मुहर!

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनावों में जेडीयू-बीजेपी की महाजीत के बाद ओडिशा पहुंचे केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का तगड़ा स्वागत किया गया। भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर धर्मेंद्र प्रधान के जोरदार वेलकम की तस्वीरें सामने आने के बाद चर्चा शुरू हो गई है कि बीजेपी ने इस नए 'चाणक्य' को राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चुन लिया गया है। 56 साल के धर्मेंद्र प्रधान शुरुआत से राष्ट्रीय अध्यक्ष की रेस में बने हुए हैं। बिहार में उन्होंने पीएम मोदी-




अमित शाह की चुनावी रणनीति को जमीन पर उतारकर न सिर्फ बड़ी जीत सुनिश्चित की बल्कि बंगाल के लिए माहौल बना दिया है। यही वजह है कि धर्मेंद्र प्रधान को नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। एबीवीपी से बीजेपी में आए धर्मेंद्र प्रधान बीजेपी अध्यक्ष की दौड़ में शामिल नामों में इकलौते ऐसे नेता हैं। जो पूर्व में बीजेपी की युवा विंग भाजयुमो का नेतृत्व कर चुके हैं। प्रधान 36 साल की आयु में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रमुख बने थे। वह 2005 से लेकर 2007 तक इस पद पर रहे थे।

# एसआईआर टारगेट पूरा करो, ट्रॉफी-सर्टिफिकेट पाओ

● 'स्टार ऑफ द डे' बनेंगे; इधर, ड्यूटी के दौरान बीएलओ की तबीयत बिगड़ी

**भोपाल।** भोपाल में वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में अब टारगेट पूरा करने पर इनाम भी मिलेंगे। एसडीएम, तहसीलदार और बीएलओ




(बूथ लेवल ऑफिसर) हर दिन स्टार ऑफ द डे भी बनेंगे। बकायदा, उनकी उपलब्धि की जानकारी ऑफिस के सूचना पटल पर भी चस्पा होगी। इधर, ड्यूटी के दौरान एक महिला बीएलओ की तबीयत बिगड़ गई। भोपाल के दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के मतदान केंद्र नंबर-45 पर तैनात बीएलओ कीर्ति कौशल को हार्ट आ गया। जिससे उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा खुद अस्पताल पहुंची और बीएलओ की सेहत के बारे में जानकारी ली। बीएलओ की तबीयत अब ठीक बताई जा रही है। भोपाल में 7 विधानसभा-बैरसिया, भोपाल उत्तर, नरेला, भोपाल दक्षिण-पश्चिम, भोपाल मध्य, गोविंदपुरा और हुजूर है। इनमें कार्य करने वाले 2029 बीएलओ, सभी ईआरओ यानी एसडीएम, एईआरओ यानी तहसीलदारों को प्रोत्साहन के दायरे में शामिल किया गया है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने यह पहल की है। इसके तहत 22 से 28 नवंबर तक हर रोज का टारगेट फिक्स किया गया है। जैसे- 22 नवंबर को बीएलओ को 50 फीसदी फॉर्म डिजिटाइजेशन करना है तो औसत 75 गणना पत्र डिजिटाइजेशन करवाना होगा।

# बर्फ से ढंका बद्रीनाथ धाम

## उत्तराखंड में जमने लगी झील

● राजस्थान में सर्दी से थोड़ी राहत, मध्य प्रदेश के 7 जिलों में शीतलहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी जारी है। उत्तराखंड के चमोली में स्थित बद्रीनाथ धाम में गुरुवार को नवंबर की पहली बर्फबारी हुई थी। इसके बाद पूरा मंदिर परिसर बर्फ की सफेद चादर से ढंक गया। यहां का तापमान माइनस 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। चमोली जिले की ही शेषनेत्र झील भी जम गई है। वहीं 14500 फीट की ऊंचाई पर स्थित पिथौरागढ़ का



आदि कैलाश इलाके में भी बर्फबारी हुई है। इससे इलाके की सभी झीलें जम गई हैं। इलाके की सुंदरता को देखने पर्यटक भी पहुंच रहे हैं। इधर, राजस्थान में सप्ताह भर बाद सर्दी से राहत मिली है, शुक्रवार को न्यूनतम तापमान भी 1 डिग्री तक बढ़कर कई शहरों में सिंगल से डबल डिजिट में आ गया।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली-एनसीआर में हवा जहरीली : एक्यूआई 450 के पार, प्रदूषण से लोगों का हाल बेहाल

**दिल्ली , एजेंसी।** सर्दी की दस्तक के साथ दिल्ली-एनसीआर की हवा एक बार फिर जहर उगलने लगी है। शनिवार सुबह जारी एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) के ताजा आंकड़ों के अनुसार दिल्ली के अधिकांश मॉनिटरिंग स्टेशनों पर एक्यूआई 300 से 430 के बीच रिकॉर्ड किया गया, जबकि नोएडा और गाजियाबाद में प्रदूषण का स्तर इससे भी अधिक खतरनाक श्रेणी में पहुंच गया। कई स्थानों पर एक्यूआई 450 के पार दर्ज किया गया, इनमें गाजियाबाद का लोनी इलाका शामिल है। इस प्रदूषण के चलते लोगों को सांस लेने में गंभीर दिक्कतें और आंखों में जलन की शिकायतें बढ़ गई हैं। दिल्ली के आरके पुरम में एक्यूआई 372, रोहिणी में 412, विवेक विहार में 424, वजीरपुर में 427, सोनिया विहार में 369, श्री अरबिंदो मार्ग पर 305 और आनंद विहार में 420 मापा गया। शादीपुर का एक्यूआई 298 रहा, जो अन्य इलाकों की तुलना में थोड़ा बेहतर है, लेकिन फिर भी 'बहुत खराब' श्रेणी में है। नोएडा की हालत और खराब है। सेक्टर 125 में एक्यूआई 430, सेक्टर 1 में 396, जबकि सेक्टर 62 में 343 दर्ज किया गया। कई क्षेत्रों में हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंच गई है। विशेषज्ञों के अनुसार प्रदूषण का यह स्तर लंबे समय तक रहने पर दमा, फेफड़ों की बीमारी, दिल की समस्या और बच्चों-बुजुर्गों को गंभीर स्वास्थ्य जोखिम हो सकते हैं। लगातार बढ़ते प्रदूषण के चलते अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है।

### बम से क्यों खेलने लगे एमबीबीएस-एमडी किए लड़के, मोदी करें विचार : राशिद अल्वी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में लाल किले के पास हुए बम धमाके में कुछ डॉक्टरों की संलिप्तता की जानकारी सामने आने के बाद कई तरह के सवाल खड़े किए जा रहे हैं। अल फलाह यूनिवर्सिटी की मान्यता तक रद्द कर दी गई है। इस सबके बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी ने उन डॉक्टरों का बचाव किया है। उन्होंने इसके उलट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किए हैं। राशिद अल्वी ने कहा, 'वो पढ़ा-लिखा नौजवान जिसने एमबीबीएस और एमडी किया है, वे आतंक का रास्ता क्यों अपना रहा है? वह आराम से अपनी कोठी में रह सकता है। आराम से अपने परिवार के साथ पूरी जिंदगी बिता सकता है।' राशिद अल्वी ने सवाल पूछा कि, किन हालातों ने उन्होंने मजबूर कर दिया कि वे बमों से खेलने लगे? मोदी साहब यह जिम्मेदारी आपकी है कि आप इन बातों पर विचार करें।' आपको यह भी बता दें कि दिल्ली में लाल किले के पास हाल ही में हुए कार विस्फोट और इसके अलावा 'सफेदपोश' आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किए जाने के संबंध में कई एजेंसियां जांच कर रही हैं। वहीं फरीदाबाद पुलिस ने अल फलाह विश्वविद्यालय की गतिविधियों की जांच के लिए अलग विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। अल फलाह विश्वविद्यालय के कई चिकित्सकों को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के अनुसार जांच एजेंसियों ने पूछताछ के लिए एक कैब चालक, एक धर्मगुरु और एक उर्दू शिक्षक को हिरासत में लिया है। एसआईटी में दो सहायक पुलिस आयुक्त, एक निरीक्षक और दो उप निरीक्षक हैं। यह विश्वविद्यालय की गतिविधियों पर एक व्यापक रिपोर्ट तैयार कर रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एसआईटी ऐसे समय में गठित की गई है जब पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह ने मंगलवार को अल फलाह विश्वविद्यालय का दौरा करने के बाद कहा था कि पुलिस आयुक्त और उपायुक्त को खुद उस जगह का दौरा करना चाहिए।

### कांग्रेस ने 'वोट चोर गद्दी छोड़' महा रैली का किया ऐलान, केसी वेणुगोपाल ने लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ बड़े स्तर पर प्रदर्शन करने की घोषणा की है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि 14 दिसंबर को दोपहर 1:30 बजे से दिल्ली के रामलीला मैदान में 'वोट चोर गद्दी छोड़ महा रैली' आयोजित की जाएगी। इस रैली का उद्देश्य चुनाव व्यवस्था में कथित धांधलियों और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हो रहे हमलों के खिलाफ देशभर में संदेश देना है। केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर चुनाव परिणामों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को ठेस पहुंच रही है। वेणुगोपाल ने एक्स पोस्ट में लिखा, 'वोट चोरी का साया आज हमारी डेमोक्रेसी पर मंडरा रहा सबसे बड़ा खतरा है। हमारे संविधान को खत्म करने की इन कोशिशों के खिलाफ पूरे देश में मैसेज देने के लिए, कांग्रेस 14 दिसंबर (दोपहर 1.30 बजे से) नई दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली करेगी। उन्होंने आगे कहा, 'हमें भारत के कोने-कोने से करोड़ों सिग्नेचर मिले हैं।

# बिहार जीतकर भी भाजपा के सामने पूरब में एक बड़ी चुनौती, पीएम कर चुके इशारा; 10 सूत्री घेराबंदी की तैयारी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में हुए बिहार विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। 243 सदस्यों वाली विधानसभा में पार्टी ने 89 सीटें जीती हैं, जबकि सहयोगी जेडीयू ने 85 सीटें जीती हैं। अन्य तीन सहयोगियों ने कुल 28 सीटें जीती हैं। राज्य में फिर से एनडीए सरकार बनने से भाजपा गदगद है लेकिन उसे पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल की चिंता सता रही है, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। बिहार में प्रचंड जीत के बाद अब पश्चिम बंगाल पर भाजपा की पैनी नजर है। भाजपा की चाहत है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के इस राज्य में अपने दम पर सरकार बनाए और वहां भगवा झंडा लहराए, ताकि पूरब से पश्चिम तक उसका डंका और तेज बज सके।

2021 में हुए बंगाल विधानसभा चुनावों में हिन्दुत्व की धार पर भाजपा सत्ता में आने के सपने देख रही थी लेकिन वह मुख्य विपक्षी पार्टी ही बन पाई। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने पांच साल पहले हुए उस चुनाव को बंगाली अस्मिता का चुनाव बना दिया था और भाजपा को बाहरी करार देकर चुनावों में न सिर्फ जीत हासिल की थी बल्कि सत्ता में वापसी की हैट्रिक भी लगाई थी।

**मोदी ने क्या कहा :** पार्टी उस हार को भुला नहीं पाई है। अगले साल होने वाले चुनाव को एक बदलाव की बयार के रूप में देख रही है और हर हाल में जीत के मंसूबे पाल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बिहार जीत के बाद भाजपा के ऐसे इरादों को साफ कर दिया है। 14 नवंबर को बिहार में हुई प्रचंड जीत के बाद अपने संबोधन में उन्होंने बंगाल का जिक्र किया था। पीएम ने कहा था, 'बिहार में जीत ने बंगाल में भाजपा की जीत का रास्ता बना दिया है। मैं पश्चिम बंगाल के लोगों को भरोसा दिलाना चाहता हूँ कि आपके समर्थन से भाजपा वहां भी जंगल राज खत्म कर देगी।

**जी-जान से जुटी बंगाल भाजपा :** लिहाजा, भाजपा बंगाल फतह करने की तैयारियों में जी जान से जुटी हुई है। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भाजपा बंगाल में जीत के लिए 10 मुद्दों पर फोकस कर रही है और उन्हें अपनी कैम्पेन थीम में शामिल किया है। इन 10 मुद्दों में राज्य की खराब कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार, अवैध घुसपैठिए, राष्ट्रीय सुरक्षा और लोकतांत्रिक व्यवस्था का उल्लंघन भी शामिल है। इसके अलावा बंगाली अस्मिता और बाहरी व स्थानीय का मुद्दा भी शामिल है। भाजपा ने स्थानीय नेताओं को इन मुद्दों के बारे में बता दिया है। हर हफ्ते मीटिंग कर रहे भूपेंद्र यादव सूत्रों के मुताबिक, भाजपा के पश्चिम बंगाल चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव हर हफ्ते चुनावी तैयारियों पर नजर रखने के लिए कोलकाता में नेताओं के एक कोर ग्रुप के साथ मीटिंग करते हैं। उन्होंने राज्य भर के 80,000 बूथों पर पार्टी वर्कर्स को संगठन मजबूत करने की ज़िम्मेदारी दी है। पार्टी के एक सूत्र ने बताया है कि इस वक्त भाजपा की सबसे बड़ी चुनौती 'बाहरी' टैग से छुटकारा पाना है, जिसे ममता बनर्जी ने 2021 के चुनाव में भाजपा के खिलाफ इस्तेमाल किया था और कामयाबी हासिल की थी। बाहरी और बंगाली अस्मिता के मुद्दे पर आर-पार ममता बनर्जी ने 2021 के चुनाव को बाहरी बनाम बंगाल की बेटी (टीएमसी का चुनावी नारा था बांग्ला निजेर मेये के चाहिए, यानी बंगाल अपनी बेटी चाहता है) के बीच मुकाबला बना दिया था। जख्मी ममता पैर में प्लास्टर चढ़ाए हुए चुनावी मंचों से बंगाली अस्मिता और बंगाल की बेटियों को ललकारती नजर आती थीं। पार्टी के एक नेता ने एक्सप्रेस को बताया, 'पिछली बार, हमने कई गलतियां कीं। भाजपा के बाहरी लोगों की पार्टी होने के टीएमसी के कैंपेन का मुकाबला करने के लिए कोई ज़ोरदार कोशिश न करना एक बड़ी गलती थी।' लेकिन अब समिक भट्टाचार्य की लीडरशिप में पार्टी की प्रदेश इकाई श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विरासत को लेकर आगे बढ़ने जा रही है और लोगों से कनेक्ट करने की रणनीति पर काम कर रही है। पार्टी जनसंघ से होते हुआ भाजपा तक की विचारधारा को बंगाली संस्कृति से जोड़ने की कोशिशों में जुट गई है। यानी बाहरी और बंगाली अस्मिता, दोनों मुद्दों पर पार्टी आर-पार को तैयार है।


# अगर हिंदू नहीं रहेगा तो दुनिया नहीं रहेगी: आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत



**इंफाल, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत हिंदू धर्म को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हमने समाज का एक बेसिक नेटवर्क बनाया है, उसके चलते हिंदू समाज रहेगा। अगर हिंदू नहीं रहेगा तो दुनिया नहीं रहेगी। मणिपुर के दौरे पर गए भागवत ने शुक्रवार को कहा, 'परिस्थिति का विचार सबको करना पड़ता है। परिस्थिति आती है और जाती है। दुनिया में सब देशों पर तरह-तरह की परिस्थिति आई और गई। कुछ देश उसमें समाप्त हो गए। देखिए कि यूनान, मिस्त्र और रोम सब मिट गए। कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी। मोहन भागत ने कहा, 'भारत एक अमर समाज, अमर सिविलाइजेशन का नाम है। बाकी सब आए, चमके और चले भी गए। इन सबका उदय और अस्त होते हमने देखा है। हम अभी भी हैं और रहेंगे क्योंकि हमने अपने समाज का बेसिक नेटवर्क बनाया है। उसके चलते हिंदू समाज रहेगा। अगर हिंदू नहीं रहेगा तो दुनिया नहीं रहेगी। धर्म का सही अर्थ और मार्गदर्शन दुनिया को समय-समय पर हिंदू समाज ही देता है।' उन्होंने कहा कि यह हमारा ईश्वर प्रदत्त कर्तव्य है।

**ब्रिटिश साम्राज्य का दिया उदाहरण :** आरएसएस चीफ ने कहा, 'ब्रिटिश साम्राज्य का सूर्य अस्त नहीं होता था। लेकिन भारत में उनके सूर्यास्त की शुरुआत हुई। इसके लिए हमने 90 साल प्रयास किए। 1857 से लेकर 1947 तक। इतने लंबे समय तक स्वतंत्रता के लिए हम सब लड़ते रहे। वह आवाज कभी हमने दबने नहीं दी। कभी कम हो गई, कभी बढ़ गई, लेकिन दबने कभी नहीं दी। भागवत ने कहा कि हर समस्या का अंत संभव है। इसके लिए उन्होंने नक्सलवाद का उदाहरण देते हुए कहा कि जब समाज ने तय किया कि अब यह बर्दाश्त नहीं होगा, तब यह खत्म भी हो गया। मोहन भागवत ने इंफाल में जनजातीय नेताओं के साथ शुक्रवार को बैठक की। इस दौरान उन्होंने सामाजिक एकता का आह्वान किया और दोहराया कि उनका संगठन समाज को मजबूत करने के लिए पूरी तरह से समर्पित है। भागवत ने कहा, 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ किसी के खिलाफ नहीं है। इसका गठन समाज को नष्ट करने के लिए नहीं, बल्कि समाज को समृद्ध करने के लिए किया गया है।

# पूर्व पीएम के बेटे को हाई कोर्ट से बड़ी राहत, यौन उत्पीड़न मामले में आईपीसी 354 के तहत आरोप हटाया




**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने जनता दल (सेक्युलर) नेता एवं होले नरसीपुरा के विधायक और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के बेटे एच डी रेवन्ना के खिलाफ उनकी पूर्व घरेलू सहायिकता द्वारा दायर महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने (आईपीसी की धारा 354) के आरोप को खारिज कर दिया है। अदालत ने हालांकि आईपीसी की धारा 354ए के तहत यौन उत्पीड़न के आरोप को बरकरार रखा है और निचली अदालत को यह पड़ताल करने का निर्देश दिया है कि क्या शिकायत दर्ज करने में देरी को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 468 के तहत माफ किया जा सकता है। रेवन्ना जेल में बंद पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के पिता हैं। वह केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी के बड़े भाई हैं। जस्टिस एम.आई. अरुण ने कहा कि शिकायत की विषय-वस्तु अधिक गंभीर धारा 354 के बजाय, धारा 354ए के तहत यौन उत्पीड़न के अपराध के अनुरूप थी। रेवन्ना ने प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध करते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी, जिसमें दलील दी गई थी कि शिकायत तीन साल की सीमा अवधि के बाद दायर की गई थी, जो तीन साल तक के कारावास से दंडनीय अपराधों के लिए लागू होती है। अभियोजन पक्ष ने कहा कि कि याचिका स्वयं ही निरर्थक हो गई है, क्योंकि पुलिस पहले ही आरोप पत्र प्रस्तुत कर चुकी है तथा निचली अदालत ने संज्ञान ले लिया है। रेवन्ना के लिए न्यायाधीश ने कहा कि आरोप शिकायतकर्ता के प्रारंभिक बयान के आधार पर ही तय किए जाने चाहिए, जो केवल धारा 354ए के आरोप का समर्थन करता है। धारा 354ए के तहत अपराध के लिए अधिकतम तीन साल की सजा का प्रावधान है, इसलिए न्यायाधीश ने माना कि शिकायत प्रथमदृष्टया सीआरपीसी की धारा 468 के तहत समय-सीमा के कारण वर्जित है। इसलिए मामले को निचली अदालत को वापस भेज दिया गया है।

# छत्तीसगढ़ में शिक्षकों को मिला नया काम, आवारा कुत्तों की देंगे जानकारी



**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में आवारा कुत्तों के प्रबंधन और जानकारी स्थानीय निकाय को देने के लिए अब शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। संचालक लोक शिक्षण संचालनालय ने इस संबंध में सभी संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी को आदेश जारी किया है। आवारा कुत्तों की सूचना देने के लिए स्कूलों में नोडल अधिकारी नियुक्त होंगे। स्कूल के प्राचार्य या संस्था प्रमुख नोडल अधिकारी होंगे, जो स्कूल के आसपास आवारा कुत्तों की सूचना देंगे। नजदीक के डॉग कैचर को नोडल अधिकारी सूचना देंगे। लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी डीईओ को इस आशय का पत्र भेज दिया है।शिक्षकों के संघों ने इस आदेश का विरोध करते हुए इसे मनमाना बताया है।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद यह पत्र जारी हुआ है। इस मामले में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि पिछले कुछ दिनों पहले बलौदाबाजार जिले के एक स्कूल में मध्यान भोजन को कुत्ते ने जूठा कर दिया। उच्च न्यायालय के द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग को हर्जाना लगाया गया, जिसमें सभी बच्चों को हर्जाना राशि दिया जाए। इसके तहत 22 लाख रुपए की राशि राज्य सरकार ने दिया। ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो उसके लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट से एक निर्देश आया है। उस निर्देश के तहत कोई ऐसा स्कूल परिसर जहां मध्यान भोजन बनता है, उसके आसपास किसी प्रकार के जानवर ना घुसे उसकी सतर्कता रखने के लिए जवाबदेही तय की गई है। राजनीतिक जंग ले रहा आदेश, शिक्षक संघ में आक्रोश इस मामले ने अब राजनीतिक रंग भी ले लिया है। कुत्तों की सूचना देने स्कूलों में नोडल अधिकारी नियुक्त होंगे। इस मामले में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का निर्देश है तो इस पर टिप्पणी करने का हमें अधिकार नहीं है। जहां तक शिक्षकों के संबंध है। सभी काम में उन्हें लगाया जाता है तो ऐसे में वह पढ़ाई कब करवाएंगे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि शिक्षकों से विभिन्न तरह के काम कराए जाने की वजह से शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है। अब इस तरह का आदेश ठीक नहीं है। इधर छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ से जुड़े लोगों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के प्रबंधन के लिए प्राचार्य, प्रधान पाठकों अथवा शिक्षकों को नहीं कहा है। यह कार्य स्थानीय पंचायत और निकायों का है। कोर्ट की आड़ में स्कूल शिक्षा विभाग आपत्तिजनक कार्य करवा रहा।इसका घोर विरोध करेंगे।

**लोक शिक्षण संचालनालय से सभी डीईओ को आदेश जारी :** बता दें कि प्रदेश में स्कूलों के पास आवारा कुत्तों की जानकारी देने के लिए अब शिक्षकों की तैनाती की गई है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी डीईओ को आदेश जारी किया है, जिसके तहत स्कूल के संस्था प्रमुखों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जारी आदेश में स्कूल परिसर के आसपास घूम रहे आवारा कुत्तों का सूचना ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, निगम और पालिका के डॉग क्रैचर को देने को कहा है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी डीईओ को पत्र भेजा दिया है।

# एनसीआर में सस्ते घर खरीदने को जाएं तैयार, इन जगहों पर मिलेंगे 5000 फ्लैट



**गुरुग्राम, एजेंसी।** एनसीआर में अपने घर का सपना देख रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। हरियाणा सरकार की किफायती आवास योजना के तहत आने वाले कुछ दिनों में गुरुग्राम, सोहना और रेवाड़ी में करीब पांच हजार सस्ते फ्लैट की बिक्री के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग की वेबसाइट के माध्यम से फार्म को ऑनलाइन भरना होगा। फार्म की जांच के बाद ड्रॉ निकालकर इन फ्लैट का आवंटन किया जाएगा। छह बिल्डर कंपनियों ने किफायती आवास योजना के तहत रिहायशी सोसाइटियां विकसित करने के लिए लाइसेंस लिया है। गुरुग्राम के सेक्टर-99ए के लिए साल 2023 और सेक्टर-93 के लिए साल 2020 में लाइसेंस जारी हुए थे। सेक्टर-93 में रिहायशी सोसाइटी विकसित कर रही कंपनी का यह तीसरा ड्रॉ है। इसके अलावा इस नीति के तहत सोहना के सेक्टर-25, फर्रुखनगर के सेक्टर-तीन में एक-एक रिहायशी सोसाइटी के अलावा रेवाड़ी में दो रिहायशी सोसाइटी विकसित करने के लिए नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने बिल्डरों को लाइसेंस जारी किए हैं। बता दें कि इस नीति के तहत चार साल के अंदर फ्लैट बनाने के लिए बिल्डर को समय दिया गया है। पेमेंट को परियोजना के निर्माण के साथ लिंक किया है। सोहना के सेक्टर-36 स्थित 4एस एस्टर एवेन्यू फ्लैट ड्रॉ में अनियमितता उजागर होने पर नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने ड्रॉ रद्द कर नए सिरे से आवंटन कराया। पोर्टल अपडेट कर आधार से स्वतः पता और आवेदक के नाम पर पूर्व फ्लैट की जानकारी अनिवार्य की गई।

**इच्छुक लोग ऐसे कर सकेंगे आवेदन :** इंटरनेट पर संबंधित वेबसाइट को खोलना होगा। इसके खुलने के बाद आपके दाईं तरफ पर ई-गवर्नेंस का एक सेक्शन होगा। इसमें आठवें नंबर पर किफायती आवास योजना के नाम से एक लिंक है। इस लिंक पर क्लिक करने के बाद पोर्टल खुल जाएगा। इसके बाद आवेदक को लॉगिन आईडी और पासवर्ड तैयार करना होगा। एक शपथपत्र तैयार करवाना होगा कि उसके पास इस योजना के तहत फ्लैट नहीं है। जानकारी और शपथपत्र को अपलोड करने के बाद फ्लैट कीमत की पांच प्रतिशत पेमेंट का भुगतान ऑनलाइन करना होगा। रेणुका सिंह, वरिष्ठ नगर योजनाकार, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, ''छह बिल्डर ने किफायती आवास योजना के तहत लाइसेंस लिया है। इस योजना के तहत पोर्टल का ट्रायल कर लिया है। इसमें किसी तरह की गड़बड़ी की संभावना अब नहीं है।

# दिल्ली मेट्रो ने एमसीडी के आरोपों से किया इनकार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने महरौली-बदरपुर रोड पर निर्माण कार्य संबंधी मलबे के संबंध में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आरोपों का खंडन किया है। एमसीडी ने डीएमआरसी पर कई प्रदूषण नियंत्रण मानदंडों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। एमसीडी के एक अधिकारी ने बताया कि नगर निगम को कई शिकायतें मिली थीं और निरीक्षण के दौरान 'एंटी-स्मॉग गन', पानी का छिड़काव और धूल रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों का अभाव पाया गया। उन्होंने बताया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के दिशानिर्देशों के तहत 3 लाख रुपये से अधिक की राशि के 24 चालान जारी किए गए। अधिकारी ने बताया कि शिकायतों की पुष्टि और जमीनी स्तर पर जांच के बाद ही जुर्माना लगाया गया। डीएमआरसी ने शुक्रवार को अपने बयान में कहा कि साकेत-जी ब्लॉक से बत्रा अस्पताल तक और मां आनंदमयी मार्ग टी-पॉइंट से पुल प्रह्लादपुर तक एमबी रोड का केवल 6.58 किलोमीटर हिस्सा ही उसके एयरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर कार्य के अंतर्गत आता है। उसने कहा कि इस हिस्से में फुटपाथ नहीं है और पक्की सड़क के बाहर का इलाका कच्चा है तथा निर्माण कार्य ज्यादातर बैरिकेड्स के भीतर मध्य पट्टी तक ही सीमित हैं। डीएमआरसी ने कहा कि उसने एमसीडी द्वारा बताए गए उल्लंघनों की समीक्षा की है जिनमें धूल नियंत्रण के लिए अपर्याप्त उपाय, निर्माण सामग्री को नहीं ढकना, गलत तरीके से अवरोधक लगाना और खराब व्यवस्था शामिल हैं। डीएमआरसी के अनुसार, स्थानीय निवासी और राहगीर अक्सर सड़क किनारे मलबा फेंक देते हैं क्योंकि नगर निकाय एजेंसियों ने कूड़ेदान उपलब्ध नहीं कराए गए हैं और यह कचरा समय पर हटाया नहीं जाता। बयान में कहा गया है, ''डीएमआरसी इसके लिए जिम्मेदार नहीं है, लेकिन एक जिम्मेदार संगठन होने के नाते वह समय-समय पर सड़क किनारे के मलबे को हटाता है।

इसमें कहा गया कि एमसीडी के चालानों के साथ संलग्न तस्वीरों से पता चलता है कि अधिकतर कचरा सड़क किनारे का मलबा है जिसका उसके काम से कोई संबंध नहीं है। डीएमआरसी ने कहा कि वह ग्रैप के दिशानिर्देशों, एनजीटी के निर्देशों और पर्यावरण मानदंडों के तहत प्रदूषण कम करने और धूल नियंत्रण के सभी उपायों का पालन करती है।

# छोटे उद्यमियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए सरकार रेड कारपेट वेलकम करेगी

**लखनऊ, एजेंसी।** छोटे उद्यमियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए सरकार रेड कारपेट वेलकम करेगी। इसके लिए अगर जरूरत पड़ी तो खाद्य प्रसंस्करण नीति-2023 में संशोधन करने पर भी विचार करेगी ताकि निवेश करने वालों को प्रदेश में और भी सुविधाएं मिल सके। नई नीति में खाद्य प्रसंस्करण की छोटी-छोटी इकाइयों को प्रोत्साहित किए जाने की योजना है।

दरअसल, खाद्य प्रसंस्करण विभाग ने प्रदेश में पैदा होने वाले 4 लाख मैट्रिक टन से अधिक फल-सब्जियों का अधिक से अधिक इस्तेमाल का रोडमैप तैयार किया है। इससे पूरे राज्य में ब्रेड बेकरी, चिप्स नमकीन, लॉलीपॉप कैंडी, कैटल फीड, फ्रोजन फूड, फ्रूट जूस के उद्योगों का जाल बिछाने की योजना है। इसे क्रियान्वित करने के लिए दूसरे प्रदेशों के निवेशकों को प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण की इकाइयां स्थापित करने के लिए आकर्षित करने का निर्णय किया गया है।

**सिंगल विंडो की सुविधा, पहले से अधिक अनुदान :** अधिक से अधिक निवेशक प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में निवेश करें, इसके लिए सिंगल विंडो की सुविधा के साथ पहले से अधिक अनुदान दिए जाने का एक प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक पूंजी निवेश कराना है। नीति में क्या बदलाव किया जाए या और क्या इसमें जोड़ा जाए, जिससे प्रदेश में निवेश का आकर्षण बढ़े इसके लिए खाद्य प्रसंस्करण विभाग में बैठकों का दौर लगातार जारी है। इस बीच गुजरात, राजस्थान, हरियाणा व उत्तराखण्ड के उद्यमियों द्वारा प्रदेश के रामपुर जिले में करीब 300 करोड़ रुपये के मटर, गाजर, गोभी, पालक, मशरूम आदि के प्रसंस्करण की इकाई स्थापित की जा रही है। 700 करोड़ के



प्रस्ताव को राज्य स्तरीय इम्पावर्ड कमेटी पहले ही हरी झंडी दे चुकी है, जिसमें करीब 150 करोड़ का अनुदान दिए जाने का प्रावधान है।

**331 प्रस्तावों को मिल चुकी है स्वीकृति :** पिछले दो वर्षों में अब तक 331 प्रस्तावों की स्वीकृति मिल चुकी है। इसमें रेडी टू ईट के 62, सोलर पावर के 58, आईक्यूएफ् के 31, सिरियल्स, पल्स के 26, कैटिल फीड के 22, फल एवं सब्जी प्रसंस्करण के 21, दुग्ध प्रसंस्करण के 14, रेडी टू सर्व के 12, बेकरी के 11, मसाला प्रसंस्करण के 11, फोर्टिफाइड राइस के 10, मस्टर्ड आयल के 10, राइस ब्रान आयल के 9, मल्टिग्रेन आटा के 8, गुड प्रसंस्करण के 8, मेडिसिनल आयल के 3, चिकोरी प्रसंस्करण, आइस क्रीम कोन, मीट प्रसंस्करण, ट्रान्सपोर्ट सब्सिडी प्रत्येक के दो तथा हींग एवं शहद प्रसंस्करण के 1-1 प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। फ्रोजेन फूड प्रासेसिंग में पड़ोसी राज्यों के उद्योमियों ने दिखाई दिलचस्पी प्रदेश के दो जिले रामपुर एवं बरेली फ्रोजेन फूड प्रासेसिंग में हब के रूप में उभर कर आए हैं। इसमें प्रदेश के निवेशकों के साथ-साथ उत्तराखण्ड एवं राजस्थान के उद्यमी द्वारा दोनों जिलों में लीज पर भूमि लेकर फ्रोजेन फूड प्रासेसिंग की यूनिट की स्थापना की जा रही है। प्रत्येक यूनिट को औसतन 60 हजार कुन्तल फल एवं सब्जियों की आवश्यकता होगी, जो प्रदेश में आसानी से उपलब्ध है। इन क्षेत्रों में निवेशकों को अतिरिक्त सुविधाएं देने का है प्रस्ताव प्रदेश में फल-सब्जियों से तैयार होने वाले प्रसंस्कृत पदार्थ यथा ब्रेड-बेकरी, चिप्स नमकीन, लाली-पाप कैण्डी, कैटिल फीड, फोर्टिफाइड राइस, फ्रोजेन फूड, रेडी टू ईट, फ्रूट जूस, काजू प्रसंस्करण, दुग्ध प्रसंस्करण, मस्टर्ड आयल एक्स्ट्रेक्शन आदि के क्षेत्र में अधिक से अधिक निवेशकों को आकर्षित करने के सरकार अतिरिक्त सुविधाएं देने पर विचार कर रही है।

## अपर कलेक्टर राजीव रंजन पांडे ने बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर बढ़ाया उत्साह

**नर्मदापुरम (निप्र)।** मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री राजीव रंजन पांडे द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करने वाले बीएलओ को विशेष रूप से सम्मानित करते हुए श्री पांडे ने उनके कार्य की सराहना की। अपर कलेक्टर श्री पांडे ने उपस्थित समस्त बीएलओ को बधाई देते हुए कहा कि सभी बीएलओ ने निर्वाचन कार्य में अपनी उत्कृष्टता का परिचय देते हुए मतदाता प्रपत्रों का पूर्णतः डिजिटाइजेशन किया है।

उन्होंने कहा कि डिजिटाइजेशन प्रक्रिया में दिखाई गई त्वरित गति से जिले की प्रगति प्रदेश स्तर पर भी दर्ज हुई है, जो प्रशंसनीय है। उन्होंने बीएलओ से अपील की कि वे अन्य बीएलओ को भी सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान करें, ताकि शेष कार्य भी शीघ्रता से पूर्ण हो सके। इस अवसर पर एनएलएमटी श्री पंकज दुबे तथा निर्वाचन सुपरवाइज़र श्री कैलाश दुबे भी उपस्थित रहे। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र 136 सिवनी मालवा के मतदान केंद्र क्रमांक 6 कुंड कला के बीएलओ प्राथमिक शिक्षक श्री राजेंद्र परमार, तथा मतदान केंद्र क्रमांक 163 सोनखेड़ी के कार्यालय सहायक श्री योगेंद्र बामलिया ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 137 होशंगाबाद के मतदान केंद्र क्रमांक 1 बरंडुआ, मतदान केंद्र क्रमांक 66 नौहर के बीएलओ श्री राकेश कुमार यादव सहायक शिक्षक को प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुए। विधानसभा क्षेत्र 138 सोहागपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 66 गाजनपुर के बीएलओ श्रीमती ज्ञानवती मीणा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मतदान केंद्र क्रमांक 195 लखनपुर केबीएलओ श्रीमती वर्षा गोस्वामी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा मतदान केंद्र 256 बमारी केबीएलओ श्रीमती निशा ठाकुर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत डिजिटाइजेशन प्रक्रिया पूरी करने पर अपने उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्राप्त किए।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ सम्मानित



## एसआईआर 2026 - बीएलओ श्री राजेश कुर्मी ने पूर्ण किया 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन

**विदिशा (निप्र)।** निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर-2026 अंतर्गत मतदाताओं के गणना फॉर्मो के डिजिटाइजेशन का कार्य विदिशा जिले की सभी विधानसभाओं में जारी है। इस कार्य में विशेष रुचि लेते हुए 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन करने में विदिशा जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 146 कुरवाई के मतदान केंद्र क्रमांक 199 खजूरिया पठारी के प्राथमिक शिक्षक व बीएलओ श्री राजेश कुर्मी ने सफलता प्राप्त की है। मतदान केंद्र क्रमांक 199 खजूरिया पठारी के बीएलओ श्री राजेश कुर्मी ने बताया कि उनके मतदान केंद्र में 387 मतदाताओं का सर्वेक्षण का कार्य उन्होंने 8 से 10 दिनों में पूरा कर लिया है जो कि 100 प्रतिशत है। वह खजुरिया गांव में प्राथमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं। साथ ही बीएलओ के दायित्वों का निर्वहन भी बखूबी निभा रहे हैं। निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अंतर्गत मतदाताओं के गणना फार्मो के डिजिटाइजेशन के कार्य को उन्होंने गंभीरता से निभाते हुए 100 प्रतिशत पूरा किया है। इसके लिए उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में डोर टू डोर संपर्क कर मतदाताओं को गणना पत्रों का वितरण किया, मतदाताओं को किसी प्रकार की कोई समस्या ना आए इसके लिए उन्होंने समस्या आने पर उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान किया। फार्म वितरित करने के साथ-साथ उन्होंने फॉर्म भरने में भी मतदाताओं की मदद की। इस तरह उन्होंने 8 से 10 दिन में ही यह उनके क्षेत्र मतदान केंद्र क्रमांक के क्षेत्र का डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रभारी कलेक्टर ने की एसआईआर कार्य की समीक्षा, बीएलओ को प्राथमिकता के साथ कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

**रायसेन (निप्र)।** प्रभारी कलेक्टर तथा जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित वीडियो कॉफ्रेंस में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर कार्य में न्यूनतम प्रगति वाले बीएलओ से वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से संतोषजनक प्रगति नहीं होने का कारण पूछते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण कार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं होगी। प्रभारी कलेक्टर द्वारा बीएलओ सहित एसआईआर कार्य में संलग्न कर्मचारियों को एसआईआर का कार्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप गंभीरता और प्राथमिकता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक बीएलओ स्तर पर प्रतिदिन 100 गणना पत्रक का संग्रहण कर डिजिटलाईजेशन की कार्यवाही अनिवार्य रूप से करें। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर श्री मनोज उपाध्याय, एसडीएम रायसेन श्री मनीष शर्मा, एसडीएम गौहरगंज श्री चन्द्रशेखर श्रीवास्तव सहित भी उपस्थित रहे।

### व्हीसी के माध्यम से दिशा निर्देश

**विदिशा (निप्र)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आज वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से निर्वाचक नामावली के गहन पुर्नरीक्षण एसआईआर के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए है। इस दौरान विशेष गहन पुर्नरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गणना वितरण पत्रक एवं प्राप्त गणना पत्रक के डिजिटाईजेशन कार्य प्रगति की समीक्षा की गई एवं समय सीमा में वितरित किए गए गणना पत्रको को मतदाताओं से प्राप्त कर डिजीटाईजेशन तुरंत करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही मतदाताओं को गणना पत्रक भरने के लिए पटवारी, रोजगार सहायक, आंगनबाडी कार्यकर्ता, इत्यादि बीएलओ की सहायता के लिए लगाए जाने हेतु निर्देशित किया है साथ ही जिले के प्रत्येक दस मतदान केन्द्रो पर एक अतिरिक्त अधिकारी को नियुक्त करने हेतु निर्देश दिए गए है। इस दौरान विदिशा के एनआईसी व्हीसी कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंशुल गुप्ता, अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अनुभा जैन सहित अन्य मौजूद रहें।

### लोधी जी भोजनालय से लिए गए खाद्य नमूने

**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के निर्देशों के अनुपालन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा जिले में लगातार निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त शिकायत के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती एडलिन ई पन्ना द्वारा, लोधी जी भोजनालय ब्लॉक कॉलोनी, दैनिक भास्कर ऑफिस के पीछे विदिशा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारकर्ता को खाद्य सामग्री का निर्माण साफ सफाई से करने, खाद्य सामग्री डंक कर रखने, हेड कैप पहनने, एप्रोन पहनने आदि निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खाद्य पदार्थ ग्रेवी, चावल, खाद्य तेल, पनीर, नमक के नमूने जांच हेतु एकत्रित किए गए है। उक्त नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जाएंगे।

### आईईएस पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर (निप्र)।** सीहोर के आईईएस पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में छात्रों ने प्रतिबिम्ब थीम के तहत रंगारंग एवं मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। छात्रों द्वारा कार्यक्रम में वेलकम डांस, क्लासिकल, वेस्टर्न एवं रेट्रो थीम पर अपनी प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर शिव तांडव, वीर शिवाजी नृत्य, रोबोटिक नृत्य महिला सशक्तिकरण (विश्व कप) एवं ताइक्वांडो की भी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर, श्रीमती अरूणा राय, आईईएस यूनिवर्सिटी चांसलर इंजीनियर बी.एस. यादव, एसडीएम श्री नितिन टाले, प्रो. मनीषा कवठेकर सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे।

### भोपाल एम्स की टीम द्वारा सीहोर में ट्रेनिंग एवं बैठक आयोजित

**सीहोर (निप्र)।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल द्वारा आईसीएमआर के प्रकाश प्रोजेक्ट (एनीमिया मुक्त भारत) के अंतर्गत सीहोर में स्टेकहोल्डर ट्रेनिंग एवं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य एनीमिया मुक्त भारत 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक रणनीतियों एवं दिशा-निर्देशों की जानकारी साझा करना था, ताकि आगामी कार्यक्रम को जिले में सुचारू एवं सशक्त रूप से लागू किया जा सके।

## लेहदा - पौनीगोला में किसानों ने सुपर सीडर मशीन से की गेहूं की बोनी

**बैतूल (निप्र)।** मुलताई विकासखंड के ग्राम लेहदा में बुधवार को कृषक श्री वासुदेव धोटे एवं श्री विकास भोपते के खेत में सुपर सीडर मशीन द्वारा गेहूं की बोनी की गई। किसानों ने गेहूं की वैरायटी श्रीराम-14 का उपयोग किया, जो 110 दिन में तैयार होने वाली फसल है। इसके साथ ही ग्राम पौनीगोला में भी किसान के खेत में सुपर सीडर मशीन द्वारा गेहूं की बोनी की गई।

सहायक कृषि यंत्री बैतूल डॉ. प्रमोद मीना ने बताया कि सुपर सीडर मशीन नरवाई प्रबंधन में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रही है। यह एक ही बार में जुताई, बुवाई और बीज ढकने का कार्य कर देती है, जिससे समय, श्रम और लागत तीनों की बचत होती है तथा मिट्टी में नमी संरक्षण भी बना रहता है। मशीन फसल अवशेषों को बारीक काटकर मिट्टी में मिला देती है, जिससे पराली जलाने की जरूरत खत्म होती है और भूमि की उर्वरता में वृद्धि होती है। साथ ही उर्वरक व बीज की संयुक्त रूप से बुवाई की क्षमता होने से किसानों की उत्पादकता और आय में भी इजाफा होता है। वर्तमान में सुपर सीडर/हैप्पी सीडर के लिए आवेदन ऑन डिमांड चल रहा है। इच्छुक किसान संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी के पोर्टल dbt.mpdage.orgपर आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम में सहायक कृषि यंत्री बैतूल डॉ. प्रमोद मीना, विभागीय कर्मचारी श्री इन्द्र भान सिंह, श्री तुषार राठौर, श्री प्रवीण विश्वकर्मा सहित स्थानीय कृषक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## कृषि विभाग की जिला निरीक्षण टीम ने कीटनाशक, उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का किया औचक निरीक्षण

**रायसेन (निप्र)।** जिले में किसानों को गुणवत्तापूर्ण कीटनाशक तथा उर्वरक मिले, इसके लिए कलेक्टर के निर्देशानुसार तथा उप संचालक कृषि श्री केपी भगत के मार्गदर्शन में कीटनाकश और उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में बरेली तथा खरगोन में कृषि विभाग के रायसेन तथा बाड़ी के अधिकारियों की टीम द्वारा कीटनाशक, निजी और उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों अंबिका ट्रेडर्स, एचके कृषि मार्ट, श्रीराम कृषि सेवा केंद्र, आदित्य ट्रेडर्स, मॉ रेवा कृषि सेवा केंद्र, सत्य साईं कृषि सेवा केंद्र, विश्वकर्मा कृषी सेवा केंद्र आदि



प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कृषि अधिकारियों द्वारा कीटनाशक, उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि रबी सीजन के लिए किसानों को गुणवत्तापूर्ण तथा शासन के नियमानुसार उचित दर पर ही खाद या उर्वरक विक्रय की जाए। यदि किसी भी विक्रेता द्वारा अधिक दाम में उर्वरक विक्रय की जाती है या कालाबाजारी की जाती है तो उसके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मां रेवा कृषि सेवा केंद्र तथा सत्य सांई कृषि सेवा केंद्र पर स्टॉक रजिस्टर और बिल बुक में कमियां पाए जाने पर उक्त फर्मो को नोटिस जारी कर सख्त निर्देश दिए गए कि शासन के नियमानुसार ही दुकान का संचालन किया जाए। लापरवाही की जाने पर लाइसेंस निरस्त कर कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण दल में रायसेन से श्री जितेंद्र नामदेव अनुविभागीय अधिकारी कृषि, श्री दुष्यंत कुमार धाकड़ सहायक संचालक कृषि, श्री धरम सिंह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बाड़ी तथा श्री ओमप्रकाश चैहान कृषि विस्तार अधिकारी बरेली सम्मिलित रहे।

## तीन प्रकरणों में नगद इनाम की घोषणा

**विदिशा (निप्र)।** पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी के द्वारा फरार आरोपियों के तीन प्रकरणों में सूचना देने वालो को क्रमशः दो-दो हजार रूपए की नगद राशि देने की उद्घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा। पुलिस अधीक्षक श्री काशवानी के द्वारा जारी इनाम उदघोषणा आदेश में उल्लेख है कि महिला थाना विदिशा के दर्ज अपराध क्रमांक 34/2025 का फरार आरोपी कुबेर सिंह पुत्र शम्भू सिंह लोधी निवासी ग्राम धामनोद थाना हैदरगढ, तथा थाना सिरोंज के दर्ज अपराध क्रमांक 549/2025 के फरार आरोपी गंभीर पुत्र उत्तम बागडी, कल्ला पुत्र फूल सिंह बागडी निवासीगण ग्राम मदागन थाना सिरोंज तथा शमशाबाद थाना में दर्ज अपराध क्रमांक 194/2025 के फरार अज्ञात आरोपी की सूचना देने वाले को क्रमशः दो-दो हजार रूपए की नगद राशि इनाम देने की घोषणा की है।

## कागपुर तालाब में 15,000 मत्स्य बीजों का संचयन, जल संरक्षण और जैविक संतुलन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

**विदिशा (निप्र)।** जल संरक्षण और मत्स्य विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आज कागपुर तालाब में कुल 15,000 मत्स्य बीजों का संचयन किया गया है। मत्स्य विभाग के सहायक संचालक श्री नागले ने बताया कि प्रमुख रूप से ग्रास कार्प और तिलापिया प्रजातियों के मत्स्य बीज शामिल रहे। यह संचयन न केवल मत्स्य उत्पादन बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि तालाब की पारिस्थितिकी को संतुलित रखने में भी अहम भूमिका निभाएगा।



### काई और जलकुंभी नियंत्रण में सहायक

ग्रास कार्प और तिलापिया दोनों ही प्रजातियाँ काई तथा सबमर्ज जलीय पौधों का भोजन के रूप में अधिक मात्रा में उपभोग करती हैं। इनके संचयन से तालाब में पनपने वाली काई और अन्य अवांछित वनस्पतियों पर प्राकृतिक नियंत्रण संभव होगा, जिससे जल की गुणवत्ता बेहतर होगी और तालाब का जल अधिक स्वच्छ तथा उपयोगी बन सकेगा।

### मत्स्य उत्पादन में होगी वृद्धि

इन दोनों प्रजातियों की वृद्धि दर तेज होती है, जिससे तालाब में मत्स्य उत्पादन भी बढ़ेगा। बेहतर पर्यावरणीय परिस्थितियों के साथ स्थानीय मत्स्य पालकों को आर्थिक लाभ मिलने की भी उम्मीद है।

### जैविक संतुलन मजबूत होगा

तालाब में इन प्रजातियों का समन्वित संचयन जलजीवों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करेगा और जैविक संतुलन बनाए रखने में मदद करेगा। काई के नियंत्रित होने से ऑक्सीजन का स्तर भी संतुलित रहेगा, जिससे अन्य जलीय जीवों को भी लाभ मिलेगा। कागपुर तालाब में किया गया यह कार्य ग्रामीण विकास, मत्स्य संवर्धन और जल संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रशासन एवं स्थानीय समुदाय द्वारा संयुक्त पहल से तालाब के संपूर्ण पारिस्थितिक तंत्र में सकारात्मक परिवर्तन की उम्मीद की जा रही है।

## पुलिस कैसे बने पर कार्यशाला

**विदिशा (निप्र)।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय जाफरखेड़ी में आयोजित छह दिवसीय 'पुलिस कैसे बने' कार्यशाला के चैथे दिन यातायात निरीक्षक आशीष राय ने विद्यार्थियों को पुलिस सेवा, मानवता और सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि 'जीवन में बड़े सपने देखिए, लेकिन उन्हें पूरा करने के लिए सही मार्गदर्शक, सही वातावरण और सीखने की निरंतर इच्छा जरूरी है। यही संयोजन किसी भी जीवन को सफल और सार्थक बनाता है।' श्री राय ने राहवीर योजना की जानकारी देते हुए कहा कि आपातकालीन स्थिति में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाना सबसे बड़ा मानव धर्म है। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना या किसी भी आकस्मिक स्थिति में गोल्डन ऑवर अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, और यही समय किसी की जान बचाने में निर्णायक भूमिका निभाता है। थोड़ी-सी हिम्मत और त्वरित मदद किसी की जिंदगी बचा सकती है। कार्यशाला में विद्यार्थियों को पुलिस सेवा की तैयारी हेतु आवश्यक पुस्तकों, अध्ययन रणनीति और समय प्रबंधन के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई।

## मिशन शक्ति अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना में कैरियर परामर्श सत्र आयोजित

**नर्मदापुरम (निप्र)।** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत परियोजना माखननगर में कैरियर परामर्श सत्र का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को भविष्य की शैक्षणिक एवं व्यावसायिक अवसरों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद श्रीमती निरंजन दुबे, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री ललित कुमार डहेरिया तथा सहायक संचालक श्री संजय कुमार जैन उपस्थित रहे। करियर परामर्शदाता के रूप में भोपाल स्थित ओरिएंटल कॉलेज से श्री अमजद खान एवं श्री चिराग चौरे द्वारा बालिकाओं को विभिन्न करियर विकल्पों – जैसे हृश्वश्वञ्ज, ङ्क्षत्ल, ढ्ढढ्ढञ्ज-छ्वश्वश्व, पैरामेडिकल, नर्सिंग, वेटरनरी, फैशन डिजाइनिंग, इंजीनियरिंग डिजाइनिंग, एयर होस्टेस आदि – के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस विभाग से आरक्षक श्री अजय रघुवंशी द्वारा वर्तमान समय में बढ़ रही साइबर घटनाओं एवं साइबर क्राइम से बचाव के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान एक बेटी-दो बेटी पर परिवार नियोजन अपनाने वाले माता-पिता को गौरव प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कक्षा 10वीं की मेधावी बालिकाओं को भी सम्मानित किया गया। सत्र में चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। सहायक संचालक श्री संजय कुमार जैन द्वारा इतिहास से लेकर वर्तमान तक महिलाओं के सामाजिक, प्रशासनिक, राजनीतिक एवं खेल जगत में योगदान पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन पर्यवेक्षक श्रीमती अनुराधा अश्वारे द्वारा किया गया तथा अंत में आभार परियोजना अधिकारी सुषमा चौरसिया ने व्यक्त किया।

## सिवनी मालवा अनुभाग में ई-ऑफिस कार्यप्रणाली का निरीक्षण एवं प्रशिक्षण संपन्न

**नर्मदापुरम (निप्र)।** गुरुवार को अनुभाग सिवनी मालवा में एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं जनपद पंचायत सिवनी मालवा का ई-ऑफिस कार्यप्रणाली संबंधी निरीक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (ष्ठढ्ढह्र) राष्ट्रीय सूचना केंद्र (हृढ्ढष्ट) श्री मनीष गुणवान, प्रशिक्षक, ई-दक्ष केंद्र श्री प्रज्ज्वल शुक्ला, जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक नर्मदापुरम श्री संदीप कुमार चौरसिया, निरीक्षण दल में शामिल रहे। निरीक्षण तथा प्रशिक्षण, दोनों सत्रों में एसडीएम सिवनी मालवा श्री विजय राय, तहसीलदार सिवनी मालवा, तथा नायब तहसीलदार सिवनी मालवा स्वयं उपस्थित रहे। वरिष्ठ अधिकारियों की सक्रिय उपस्थिति से प्रशिक्षण को विशेष गंभीरता, मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण मिला। प्रशिक्षण सत्र के दौरान ई-ऑफिस के उपयोग, दैनिक फाइल प्रबंधन, नोट एवं ड्राफ्ट निर्माण, डायरी/डिस्पैच, संदर्भ संलग्नकरण, पार्किंग/अनपार्किंग, भूमिका प्रबंधन तथा डैशबोर्ड उपयोग जैसी प्रक्रियाओं का विस्तृत एवं व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षकों द्वारा कर्मचारियों के



प्रश्नों का समाधान भी किया गया, जिससे प्रतिभागियों को ई-ऑफिस की कार्यशैली को समझने में अत्यधिक सुविधा हुई। एसडीएम श्री विजय राय, ने बताया कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत लाभप्रद पाया तथा यह प्रशिक्षण अनुभाग के कार्यालयीय कार्यों को अधिक पारदर्शी, तेज़ और परिणामोन्मुखी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा यह आशा व्यक्त की गई कि अनुभाग सिवनी मालवा में ई-ऑफिस का क्रियान्वयन आने वाले दिनों में और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी होगा।

## सांस अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय उन्मुखीकरण का आयोजन

**बैतूल (निप्र)।** सांस अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र टिकारी बैतूल में गुरुवार को बीएमओ, बीपीएम, बीईई, बीसीएम का जिला स्तरीय उन्मुखीकरण का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि सांस अभियान शासन के दिशा निर्देशानुसार जिले में 12 नवम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक चलाया जाएगा। 5 वर्ष तक के बच्चों में सबसे अधिक मृत्यु का कारण निमोनिया संक्रमण है। वर्तमान में 5.1 प्रति हजार बच्चों की मृत्यु निमोनिया के कारण हो जाती है, जिसे 3 प्रति हजार जीवित जन्म से कम किया जाना है। सांस अभियान के अंतर्गत 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में समुदाय एवं संस्था स्तर पर संभावित निमोनिया के प्रकरणों की सही समय पर पहचान, प्रोटोकॉल्स अनुसार उपचार एवं




आवश्यकता पड़ने पर उचित संस्था में रैफरल, समुदाय में निमोनिया की रोकथाम, बचाव एवं उपचार के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार, समुदाय में निमोनिया के प्रति कुरीतियों एवं अंधविश्वास में कमी लाना, सामाजिक जागरूकता एवं व्यवहार परिवर्तन के संबंध में जानकारी प्रदान किया जाना है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान आशा द्वारा घर-घर जाकर गृह भेंट कर बुखार, खांसी, सांस लेने में कठिनाई व निमोनिया के लक्षण की 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में पहचान व प्रबंधन कर एएनएम व सीएचओ को सूचित करेगी। सीएचओ, एएनएम, मेडिकल ऑफिसर, आरबीएसके मेडिकल ऑफिसर द्वारा 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में निमोनिया की पहचान एवं उपचार किया जाएगा। साथ ही मातृ बैठकों का आयोजन कर स्वच्छ ईंधन का उपयोग, प्रदूषण नियंत्रण, शीघ्र उपचार, स्तनपान, पूरक आहार एवं खतरे के लक्षणों की जानकारी दी जाएगी। गंभीर बच्चों को उचित स्वास्थ्य संस्था पर रेफर किया जाएगा। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ जगदीश घोरे ने बताया कि शिशु मृत्यु का मुख्य कारण निमोनिया है, शिशु मृत्यु को कम करना सांस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। क्षेत्रीय कार्यकर्ता सांस अभियान में समुदाय स्तर में जाकर निमोनिया के शुरूआती लक्षणों की पहचान कर प्रारंभिक उपचार कर, निमोनिया के प्रकरणों का त्वरित रेफरल करें ताकि समय रहते उपचार किया जा सके। साथ ही निमोनिया के लक्षणों के प्रति समुदाय में जागरूकता लाए। जिला एनआरसी प्रभारी डॉ अशोक उइके द्वारा समुदाय एवं संस्था आधारित निमोनिया के प्रभावी प्रबंधन के लिए की जाने वाली गतिविधियां, नवजात शिशुओं में संक्रमण के प्रकरणों का प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा द्वारा निमोनिया होने पर प्रोटोकॉल अनुसार दिये जाने वाले उपचार की जानकारी दी गई।उन्मुखीकरण कार्यक्रम में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी शहरी चिकित्सा अधिकारी, डीपीएम डॉ विनोद शाक्य, एमएण्डईओ, डीसीएम, बीपीएम, बीईई, बीसीएम, आरबीएसके मैनेजर आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

### अंगदान नियमों में बदलाव से , टूटे भरोसे को जोड़ने की कोशिश

क्या राष्ट्रीय नीति से बदलेगा भारत में अंगदान का संकट? सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों से क्या अब बनेगी पारदर्शी व्यवस्था?अंगदान से किसी को भी नया जीवन दिया जा सकता है, इसलिए इसे महादान कहा जाता है। यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। मगर भारत में अंगदान और प्रत्यारोपण की प्रक्रिया में चुनौतियां भी कम नहीं हैं। दानदाताओं की कमी और बुनियादी व्यवस्था का अभाव सबसे बड़ा संकट है। समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सरकारी प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं।दूसरी ओर, अंगदान की वैधता और गैर वैधता को लेकर कानून बनाया गया है, लेकिन यह देश के तमाम राज्यों में न तो समान रूप से लागू हो पाया है और न ही इस पर कड़ाई से अमल हो पा रहा है। यही वजह है कि अब सर्वोच्च न्यायालय ने अंगदान और इसके आबंटन एवं प्रत्यारोपण के लिए एक पारदर्शी और सक्षम प्रणाली बनाने के लिए केंद्र सरकार को राज्यों के परामर्श से एक राष्ट्रीय नीति तथा समान नियम बनाने के निर्देश दिए हैं। शीर्ष अदालत ने अंगदान करने वालों को शोषण और उत्पीड़न से बचाने के वास्ते हर स्तर पर पुख्ता बंदोबस्त करने के लिए भी कहा है।देश में मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 में मौजूदा समय के हिसाब से संशोधन किए गए हैं। मगर कुछ राज्यों ने इन संशोधनों पर अभी तक अमल नहीं किया है। इनमें आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और मणिपुर जैसे कई राज्य शामिल हैं। इससे स्पष्ट है कि अंगदान और प्रत्यारोपण को लेकर विभिन्न राज्यों के नियमों में समानता नहीं है। इसका खमियाजा न केवल अंगदाताओं, बल्कि प्रत्यारोपण का इंतजार करने वाले मरीजों को भी भुगतना पड़ता है।यही वजह है कि देश में इस संबंध में राष्ट्रीय नीति की जरूरत महसूस की जा रही है। शीर्ष अदालत ने नई नीति में अंग प्रत्यारोपण के लिए आदर्श आबंटन मानदंड निर्धारित करने को कहा है।

# बिहार विधानसभा चुनाव दे रहे हैं कुछ संकेत

**हाल ही में सम्पन्न हुए बिहार राज्य की विधान सभा के चुनाव परिणाम आ गए हैं एवं भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन को अभूतपूर्व सफलता प्राप्त हुई है। कुल 243 विधायकों में से एनडीए गठबंधन के 202 प्रत्याशी चुनाव जीत कर विधायक बन गए हैं। विधान सभा स्तर के किसी भी चुनाव में सामान्यतः राज्य स्तर की स्थानीय समस्याओं को ध्यान में रखकर ही राज्य के नागरिक अपना वोट देते हैं। परंतु, हाल ही के समय में कई राज्यों के चुनावों में स्थानीय नागरिकों के बीच यह प्रवृत्ति घर करती जा रही है कि जो राष्ट्रीय अथवा स्थानीय दल उन्हें मुफ्त की आकर्षक योजनाएं प्रस्तुत कर रिझाने का प्रयास करता है, उस दल को उस राज्य में अधिक सफलता मिलती हुई दिखाई दे रही है।**

(प्रह्लाद सबनानी)

इसके बाद तो दिल्ली विधान सभा चुनाव में वर्ष 2025 तक आम आदमी पार्टी का ही लगभग पूर्ण कब्जा रहा, क्योंकि मुफ्त में प्रदान की जाने वाली इसी प्रकार की कुछ और घोषणाओं को भी आम आदमी पार्टी समय समय पर लागू करती रही और दिल्ली के पढ़े लिखे नागरिकों को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रही। हालांकि, इस बीच दिल्ली की आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती रही और दिल्ली का 'बचत का बजट' - 'घाटे के बजट' में परिवर्तित हो गया था।

इसके बाद तो लगभग प्रत्येक राज्य में इस प्रकार का दौर ही चल पड़ा। हिमाचल प्रदेश राज्य में कांग्रेस, सेवा निवृत्त कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को लागू करने के वादा, राज्य की प्रत्येक वयस्क महिला को 1500 रुपए देने का वादा एवं प्रत्येक परिवार को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा कर वर्ष 2022 में सत्ता में आ गई। बाद में जब पुरानी पेंशन योजना को हिमाचल प्रदेश में लागू किया गया तो हिमाचल प्रदेश के पहिले से ही दबाव में चल रहे बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ा एवं राज्य की आर्थिक स्थिति लगभग पूर्णतः डावांडोल हो गई है एवं राज्य को अपने ऋण पर ब्याज का भुगतान करने एवं राज्य के सामान्य खर्चों को चलाने के लिए भी ऋण लेना पड़ रहा है। इसी चलन को कायम रखते हुए हाल ही में सम्पन्न बिहार राज्य में भी विधान सभा चुनाव के समय श्री नीतीश कुमार की राज्य सरकार ने राज्य की 1.21 करोड़ महिलाओं के बैंक खातों में 10,000 रुपए की राशि सीधे जमा करवाई है। मुख्यमंत्री



महिला रोजगार योजना की घोषणा 29 अगस्त 2025 को की गई थी एवं केवल एक माह के अंदर इस योजना को लागू कर दिया गया तथा राज्य की महिलाओं के बैंक खातों में राशि हस्तांतरित कर दी गई। हालांकि, राज्य में लागू की गई इस योजना को महिला सशक्तिकरण की सबसे बड़ी पहल के रूप में देखा गया क्योंकि राज्य सरकार द्वारा इस योजना को लागू करने का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना एवं रोजगार के नए अवसर निर्मित करना था। ऐसा बताया गया है कि राज्य की कुछ महिलाओं ने इस राशि से अपनी छोटी छोटी उत्पादन इकाईयों को प्रारम्भ करने में सफलता पाई है। राज्य के मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि बिहार सरकार उन महिलाओं को रुपए 2 लाख तक की सहायता राशि उपलब्ध कराएगी जिनका व्यवसाय सफल रहेगा, इस छोटे निवेश से पूरा परिवार लाभान्वित होगा। बिहार राज्य में लगभग 1.40 करोड़ जीविका दीदियां स्व सहायता समूहों के माध्यम से सक्रिय हैं। आज देश के सबसे बड़े राज्यों में बिहार राज्य में गरीब वर्ग के नागरिकों की संख्या सबसे अधिक है एवं बिहार राज्य के नागरिक रोजगार प्राप्त करने के उद्देश्य से सबसे अधिक पलायन करते हुए दिखाई देते हैं। पूर्व में उत्तर प्रदेश राज्य की भी लगभग यही स्थिति थी, परंतु, हाल ही के समय में उत्तर प्रदेश राज्य में रोजगार के पर्याप्त नए अवसर निर्मित हुए हैं जिससे इस राज्य में नागरिकों का रोजगार के लिए पलायन रुका है। यदि बिहार राज्य भी अपने नागरिकों का पलायन रोकने में सफल रहता है एवं अपने राज्य के नागरिकों के लिए पर्याप्त मात्रा में रोजगार के नए अवसर निर्मित करने में सफलता प्राप्त करता है तो यह देश के आर्थिक विकास को भी गति देने में सहायक होगा। परंतु, लाख टके का प्रश्न यह है कि क्या बिहार सरकार की आर्थिक स्थिति उक्त प्रकार की योजनाओं को चलाने की स्थिति में है? पिछले कुछ वर्षों के दौरान देश के कई राज्यों ने अपने पूंजीगत खर्च को घटाया है। वर्ष 2015-16 से वर्ष 2022-23 के बीच राज्यों ने अपने पूंजीगत खर्च में 51 प्रतिशत तक की कमी की है। दिल्ली में 38 प्रतिशत, पंजाब में 40 प्रतिशत, आंध्रप्रदेश में 41 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में 33 प्रतिशत से पूंजीगत खर्चों में कमी दर्ज हुई है। आज कई राज्य सरकारें सब्सिडी प्रदान करने की मद पर अपने खर्चों को लगातार बढ़ा रहीं हैं एवं पूंजीगत खर्चों को लगातार घटा रही हैं, जो उचित नीति नहीं कही जा सकती है। इस प्रकार तो इन राज्यों की अर्थव्यवस्थाएं शीघ्र ही डूबने के कगार पर पहुंच जाने वाली हैं। अब यदि चुनाव जीतने के लिए विभिन्न राज्य सरकारें क्या इसी तरह की योजनाओं को लागू करती रहेंगी। यदि हां, तो इन राज्यों को अपने दिवालिया होने के लिए बहुत लम्बा इन्तजार नहीं करना होगा। क्योंकि, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी एक प्रतिवेदन में बताया गया है कि विशेष रूप से पंजाब, केरल, पश्चिमी बंगाल, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, झारखंड, बिहार, दिल्ली आदि राज्यों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। यदि समय पर इन राज्यों के आर्थिक ढांचे को सुधारने के प्रयास नहीं किया गए तो यह राज्य दिवालिया होने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हालांकि, समय समय पर केंद्र सरकार द्वारा सहायता की राशि उपलब्ध कराकर कई राज्यों की वित्तीय कठिनाईयों को हल करने का प्रयास किया जाता है परंतु, केंद्र सरकार भी लम्बे समय तक यह कार्य नहीं कर सकती है क्योंकि अंततः इससे केंद्र सरकार की वित्तीय स्थिति पर भी दबाव बनता है। विभिन्न राज्यों के वित्तीय घाटे की स्थिति एवं प्रवृत्ति पर गम्भीरता पूर्वक विचार कर इस पर रोक लगने का समय अब आ गया है। उत्पादक कार्यों पर सब्सिडी दी जाय तो ठीक है परंतु यदि यह लोक लुभावन वायदों को पूरा करने पर दी जा रही है तो इन पर अब अंकुश लगाया जाना चाहिए। केंद्र सरकार द्वारा आगे बढ़कर इस सम्बंध में कुछ नियम जरूर बनाए जाने चाहिए। यदि इन राज्यों की वित्तीय स्थिति लोक लुभावन घोषणाओं को पूरा करने की नहीं है तो, इस प्रकार की घोषणाएं चिन्हित राज्यों द्वारा नहीं की जानी चाहिए, ऐसे नियम बनाए जाने चाहिए। सहायता की राशि केवल चिन्हित व्यक्तियों को ही प्रदान की जानी चाहिए न कि राज्य की पूरी जनता को उपलब्ध करायी जाय। जैसा कि बिजली माफी योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। राज्य के समस्त परिवारों को 300/400 यूनिट बिजली मुफ़्त में उपलब्ध कराए जाने के प्रयास हो रहे हैं। यदि राज्य की आर्थिक हालत बिगड़ रही है तो इसका खामियाजा भी अंततः उस प्रदेश की जनता को ही भुगतना पड़ता है। खर्च में कटौती करते हैं, जो राज्य के आर्थिक विकास एवं भविष्य में आने वाली पीढ़ी के लिए ठीक नहीं है। राज्य में आर्थिक विकास की गति कम होने से इन राज्यों में रोजगार के अधिक अवसर भी निर्मित नहीं हो पा रहे है। (लेखक सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक है)

## सरहद पार पंख पसारती हिन्दी

**जवाहर कर्नावट निदेशक, प्रवास भारतीय साहित्य-संस्कृति केन्द्र**

दुनिया भर में बसे हुए भारतवंशियों का जुड़ाव अपनी भाषा और संस्कृति से होने के कारण इन देशों में लिटिल इंडियाके दर्शन हो जाते हैं। इन प्रवासी भारतीयों की एक प्रमुख चुनौती नई पीढ़ी को अपनी भाषा और संस्कारों से परिचित कराते हुए प्रवासी देश के साथ तादात्य बनाए रखना भी है। भारतीयता को बनाए रखने के प्रयासों में अपनी भाषा को विदेशों की परती पर फैलाने का कार्य भी इन प्रवासी भारतीयों ने बखूबी किया है। भारत की प्राचीन संस्कृति,परंपराओं और ऐतिहासिक ग्रंथों को समझने के लिए भी अनेक विदेशी विद्वानों ने भी हिंदी में अध्ययन और शोध के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। इस प्रकार विश्व के विभिन्न देशों में हिंदी शिक्षण की व्यवस्था प्राथमिक शिक्षा से लेकर विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा तक पहुँच गई है। अनेक देशों में सामुदायिक गतिविधियों के रूप में भी हिंदी प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। विश्व के प्रमुख देशों के भ्रमण के दौरान मुझे हिंदी भाषा के शिक्षण तथा साहित्य संबंधी अध्ययन एवं शोध की समृद्ध परंपरा देखने को मिली। गिरमिटिया देशों मॉरिशस,फिजी,गयाना त्रिनिदाद टोबेगो,दक्षिण अफ्रीका के अलावा यूरोप अमेरिका,अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप में भी हिंदी शिक्षण की जड़ें गहरी हो चुकी हैं।

आज प्रमुख आवश्यकता इस बात की है कि प्रत्येक देश के भाषिक और सांस्कृतिक परिवेश के अनुरूप हिंदी शिक्षण के समूचे ढांचे को सुदृढ़ किया जाए। अन्य विदेशी भाषाओं की तुलना में हिंदी भाषा में विद्यार्थियों की संख्या लगातार कम हो रही है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सामग्री का अभाव वर्षों से बना हुआ है। दूसरी ओर भाषा से जुड़ी तकनीकी सुविधाओं में क्रांतिकारी परिवर्तनहो रहा है। भाषा प्रयोग के अवसर और क्षेत्रों में भी बदलाव हो रहा है। इस स्थिति में इन सभी देशों की दृष्टि भारत की ओर है। उनकी अपेक्षा है कि उन्हें हिंदी भाषा-शिक्षण को अधुनातन बनाने के लिए अधिक से अधिक संसाधन भारत से मिल सकें। इसमें भारत सरकार के विदेश मंत्रालय तथा शिक्षा मंत्रालय से सम्बद्ध संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमारे दूतावासों का सकारात्मक रवैया भी आवश्यक है। इन देशों के हिंदी प्राध्यापकों का यह भी स्पष्ट मत है कि भारत के सामजिक एवं शैक्षिक जीवन में हिंदी की उपेक्षा का प्रतिकूल प्रभाव विदेशों में हिंदी शिक्षण पर होता ही है। इसलिए यह भी आवश्यक है कि भारत में सभी स्तरों पर



हिंदी को प्रतिष्ठित करने के गंभीर प्रयास हों।

विश्व में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ रही है और देश की प्रतिनिधि भाषा माने जाने के कारण हिंदी की भी। प्रवासी भारतीयों की सामाजिक और सांस्कृतिक सक्रियता तथा संबंधित देश की शिक्षण संस्थाओं में हिंदी के पठन-पाठन की शताब्दी से अधिक पुरानी शिक्षण परम्परा के कारण हिंदी विश्व के अधिकांश देशों में विद्यमान है और यह तो निर्विवाद है कि भारत के इतिहास,संस्कृति एवं परंपराओं के समुचित अध्ययन एवं अध्यापन हेतु हिंदी तथा संस्कृत भाषा से परिचय अपरिहार्य है। इन सभी तथ्यों के दृष्टिगत यह अत्यंत आवश्यक है कि वैश्विक स्तर पर हिंदी को समृद्ध करने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए।

हिन्दी के प्रति गहरे प्रेम और जिज्ञासा के चलते जब मैंने भारत के बाहर क़दम रखा तो आश्चर्यजनक समर्पण वहाँ दिखाई दिया। वहाँ हिन्दी को केन्द्र में रखकर हुआ प्रचार, सृजन और नए माध्यमों से उसके नवाचारी कौशल को देखने-समझने मेरी शोध यात्रा शुरू हुई। मैंने लगभग 70 देशों की हिन्दी रिपोर्ट तैयार की है।

## वर्ग पहेली 5921

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | |
| 7 | | | | | 8 | | |
| | | | | 9 | | | |
| | | 10 | 11 | | | 12 | 13 |
| 14 | 15 | | 16 | | 17 | | |
| 18 | | 19 | | 20 | | | |
| | | 21 | | | | | |
| 22 | | | | 23 | | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. रामकृष्ण परमहंस के सुयोग्य शिष्य जिनका वास्तविक नाम नरेंद्रनाथ था (7)
7. चित्ताकर्षक, दिल को अपनी ओर खींचने वाला (4)
8. उपद्रव, गदर, विद्रोह (3)
9. नृत्य में एक प्रकार की गति (3)
10. अज्ञानपूर्ण, तमोगुण युक्त (3)
12. चांद्रमास के किसी पक्ष का कोई दिन, पुण्य दिवस (2)
14. प्रत्येक पक्ष की तीसरी पिथि (2)
16. लंबाई, चौड़ाई, या गहराई आदि का हिसाब लगाना, मापना (3)
18. प्रक्षालन कर्मी, पक्षालक (3)
20. जो देखने में सुंदर हो (4)
21. गाढ़ा द्रव, लोंदा, स्कंद (2)
22. जन्म से मृत्यु तक का समय, जिंदगी, पुरानी फिल्मों का एक प्रसिद्ध खलनायक (निधन 10 जून 1987)(3)
23. उपाधि, ओहदा, पोस्ट (3)

**ऊपर से नीचे**
1. स्वाद देने वाला, जिसका स्वाद अच्छा हो, सुस्वाद (3)
2. दूरी नापने की एक प्राचीन इकाई जो 1760 गज के बराबर होती है (2)
3. आतुरता, अस्थिरचित्तता (4)
4. मंच पृष्ठ, स्वांग, परिधान (2)
5. क्यू क्रम, संख्या अंक, आकार माप (3)
6. दल नायक, सेनापति, कप्तान, टीम नायक (4)
9. उसके उपरांत, तदापि (4)
11. वर्जित, निषिद्ध (2)
13. संगीत के साथ नृत्य करते समय तेजी से अंगों को संचालित करना (4)
14. धनुर्विद्या, धनुकौशल, लक्ष्य संधान (4)
15. न्यायाधीश को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
17. जिसका नाम किसी बात आदि के लिए निश्चित कर लिया गया हो (4)
19. अभिव्यक्ति, बयान, तकरीर, अभिलाप (3)

### वर्ग पहेली 5920 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बां | ग्ला | दे | श | | अं | ग | द |
| सु | | व | त | न | कु | श | |
| री | ड | र | | व | श | | सि |
| | का | | दा | मी | | मा | ता |
| फु | र | स | त | | आ | स | रा |
| स | | | व्य | व | स्था | | |
| ला | य | क | | जू | | दू | ज |
| ना | | म | द | द | गा | र | |

## बिहार में 'सुपर फ्लॉप' साबित हुए राहुल गांधी, 51 उम्मीदवारों के लिए मांगे वोट जीते सिर्फ चार

(नीतीश दुबे)

राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा दोनों नेताओं ने कुल मिलाकर 21 सभाएं कीं थी जिसमें 105 सीटों को कवर किया, लेकिन जीत का स्ट्राइक रेट कम रहा।

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को प्रचंड जीत मिली जबकि महागठबंधन की करारी हुई। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सात जिलों में 13 सभाएं कर 51 विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे थे लेकिन जीत सिर्फ चार सीट पर ही मिली। राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा दोनों नेताओं ने कुल मिलाकर दर्जनों जिलों में 21 सभाएं कीं थी, जिसमें 105 सीटों को कवर किया, परंतु जीत का स्ट्राइक रेट कम रहा। इस चुनाव में कांग्रेस ने महागठबंधन के घटक के रूप में 61 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी ने 7 जिलों में 13 जनसभाएं कीं, जिनमें 51 विधानसभा क्षेत्रों को कवर किया गया। इसके बावजूद कांग्रेस केवल चार सीटों पर ही जीत दर्ज कर सकी और राहुल गांधी की सभाओं का जीत का स्ट्राइक रेट करीब 8 फीसदी रहा। चुनाव से पहले राहुल गांधी ने राज्य में 'वोटर अधिकार यात्रा' भी निकाली थी, जिसमें उन्होंने 18 जिलों का भ्रमण किया। इस दौरान दो सभाओं में उनके साथ आरजेडी नेता तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे। मल्लाह समुदाय को साधने के प्रयास में राहुल गांधी वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के साथ तालाब में भी उतरे थे। पहले चरण के तहत राहुल गांधी ने 29 अक्टूबर को सकरा (सुरक्षित), मुजफ्फरपुर और राजा पाकड़ (सुरक्षित) के उम्मीदवारों के पक्ष में राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ संयुक्त सभा की। उन्होंने 30 अक्टूबर को नालंदा के हरनौत, पटना के बाढ़ और लखीसराय के उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया। दो नवंबर को बेगूसराय और खगड़िया में सभाएं हुईं, जिसमें मछुआरा समाज के लिए आयोजित संवाद कार्यक्रम में सहनी भी विशेष रूप से मौजूद थे। बीते चार नवंबर को राहुल औरंगाबाद, कुटुंबा और वजीरगंज में सभाएं कीं, जबकि छह नवंबर को कसबा, बनमनखी, अमौर, अररिया , मनिहारी और फारबिसगंज में प्रचार किया। इसी प्रकार कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने पहले चरण में बछवाड़ा और बेलदौर में सभाएं कीं। तीन नवंबर को सोनबरसा (सुरक्षित), रोसड़ा (सुरक्षित) और लखीसराय में कार्यक्रम हुए। पांच नवंबर को पश्चिम चंपारण के वाल्मीकि नगर और चनपटिया में प्रचार किया गया। 6 नवंबर को रीगा, गोविंदगंज और बेनीपट्टी में सभाएं हुईं, जबकि अंतिम चरण में कदवा, बरारी और पूर्णिया में चुनावी रैलियां आयोजित की गईं। प्रियंका गांधी की सभाओं के बावजूद जीत केवल वाल्मीकि नगर और चनपटिया में ही मिली। कांग्रेस को 2020 के चुनाव में 19 सीटें जीती थीं और इस बार महज 6 सीटों पर सिमट गई। पार्टी के केवल दो विधायक अररिया से आबिदुर रहमान और मनिहारी से मनोहर प्रसाद सिंह अपनी सीट बचाने में सफल रहे। कांग्रेस के बाकी सभी दिग्गज नेताओं को हार का सामना करना पड़ा। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान और पूर्व मंत्री अवधेश सिंह समेत कई बड़े चेहरे चुनावी मैदान में हार गए। (यह लेखक के अपने विचार है)

## आज का राशिफल

**मेष**
आज अजनबी लोगों का सहयोग मिलता हुआ दिख रहा है। इस दौरान अचानक आने वाली परेशानी के कारण लाभ के अवसरों में रुकावट आ सकती है। ऐसे में आपको अधिक परिश्रम करनी पड़ सकती है। आपके विरोधी भी इस समय आपका कुछ भी नहीं बिगाड़ पाएंगे।

**वृष**
आज का दिन लाभ दिलाने वाला साबित होगा। हालांकि अधिक उत्साह के कारण कुछ कार्य बिगड़ भी सकते हैं। कुछ आर्थिक और पारिवारिक दबाव भी महसूस हो सकता है। इस दौरान आपको शुभ संदेश भी प्राप्त हो सकता है। कुछ पुराने मित्रों से मुलाकात आपको तरोताजा कर देगी।

**मिथुन**
आज के दिन मतभेद हो सकता है। ऐसे में परिवार के सदस्यों के साथ खुलकर बातचीत करें। इससे मान सम्मान भी बढ़ेगा और अप्रत्याशित लाभ की प्राप्ति भी होगी। हालांकि, आपको आर्थिक लेन-देन में सावधानी बरतनी होगी।

**कर्क**
आज के दिन अधिक मेहनत करनी होगी। कुछ पुराने कार्यों की वजह से आपको तनाव हो सकता है। नौकरी या व्यापार से जुड़े कार्य के लिए यात्रा भी करनी पड़ सकती है। हालांकि, मानसिक दबाव के कारण मन थोड़ा बेचैन रह सकता है। इसलिए कोई बी कार्य सोच-समझकर करें।

**सिंह**
आज कार्यक्षेत्र में सब कुछ अच्छा रहने वाला है। आपके सभी काम बिना किसी बड़ी अड़चन के समय पर पूरे हो जाएंगे। अच्छे परिणाम मिलने से मन उत्साहित रहेगा। इस दौरान खर्चे आपका बजट बिगाड़ सकते हैं। ऐसे में खर्चों को कंट्रोल करना आपके लिए जरूरी होगा।

**कन्या**
आज का दिन शुभ समाचारों से भरा रहेगा। किसी आयोजन में शामिल होने का अवसर मिलेगा। आज समय आपके पक्ष में रहेगा। इसलिए बेहतर होगा कि वही काम करें जिसमें सफलता की संभावना अधिक हो। स्वास्थ्य आज के दिन आपका बेहतर रहेगा।

**तुला**
आज कार्यक्षेत्र में आपकी पकड़ मजबूत बनी रहेगी। आपकी सूझबूझ से एक के बाद एक मामले सुलझाते चले जाएंगे। इस दौरान आपकी पद और प्रतिष्ठा बढ़ेगी। हालांकि स्वास्थ्य पर आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। पेट या आंखों से संबंधित समस्या परेशान कर सकती है।

**वृश्चिक**
आज दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। कार्यक्षेत्र में जटिल काम आसानी से पूरे होंगे। आज के दिन लाभदायक प्रोजेक्ट भी हाथ लग सकते हैं। हालांकि मानसिक उलझनें आपको थोड़ा परेशान जरूर कर सकती हैं। इससे सिरदर्द या बेचैनी महसूस हो सकती है।

**धनु**
आज छोटी-मोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में शुभ समाचार प्राप्त होगा और सहयोगियों का समर्थन मिलेगा। इस दौरान परिवार के लोगों का भी आपको पूरा साथ मिलेगा। इससे आपको मनोबल बढ़ेगा। हालांकि घर में कुछ तनावपूर्ण माहौल भी बनता हुआ दिख रहा है। ऐसे में महत्वपूर्ण

**मकर**
आज मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। कार्यक्षेत्र में नई योजनाओं से लाभ मिलेगा। परिवार में किसी संपत्ति से जुड़े विवाद को सुलझाने की जरूरत पड़ सकती है। घरेलू जिम्मेदारियों को आज आप अच्छी तरह संभाल लेंगे। नौकरी और व्यापार में मन मुताबिक सफलता मिलेगी। विरोधियों का प्रभाव भी कम होगा।

**कुंभ**
आज समय और धन दोनों का नुकसान हो सकता है। हालांकि इस दौरान योजनाबद्ध कार्य सफल होंगे और आपको आर्थिक लाभ का अवसर भी मिलेगा। मामा पक्ष से किसी तरह का सहयोग या लाभ प्राप्त हो सकता है। पुराने मित्र के आने से घर में माहौल खुशनुमा रहेगा।

**मीन**
आज का दिन काफी लाभदायक है। अपनी बुद्धिमानी से आप कठिन परिस्थितियों को भी आसानी से संभाल लेंगे। आज आपके विरोधी कमजोर पड़ेंगे और आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी। हालांकि, आपको खान-पान में लापरवाही से बचना होगा। जीवनसाथी के साथ आर्थिक मामलों में मतभेद हो सकता है।




# सर्दियों में बच्चों की सेहत रहेगी चकाचक, खिलाएं ये सुपरफूड्स

**सर्दियों में बच्चों की इम्यूनिटी मजबूत रखना किसी चुनौती से कम नहीं होता है, ऐसे में आप इन चीजों को खिलाकर आप उन्हें स्वस्थ और एक्टिव बना सकते हैं।**

सर्दियों में बच्चों की इम्यूनिटी को मजबूत रखना बेहद जरूरी होता है, क्योंकि बच्चों को ठंड और संक्रमण का खतरा सबसे ज्यादा होता है। सही आहार देकर आप उनकी इम्यूनिटी को मजबूत कर सकते हैं। आप बच्चे को स्वस्थ और एक्टिव रखने के लिए किसी विकल्प की तलाश में है तो हम आपको एक्सपर्ट के बताएं कुछ सुपर फूड्स के बारे में जानकारी दे रहे हैं। आप उनकी डाइट में इन्हें शामिल कर कर ना सिर्फ इम्यूनिटी बूस्ट कर सकते हैं ब्लिक सेहत के अन्य पहलुओं को भी बेहतर बना सकते हैं।

## बच्चों की इम्यूनिटी कैसे मजबूत करें?

- बच्चे की डाइट में विटामिन ए और विटामिन सी युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करें। यह एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं,जो शरीर को बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। इसके लिए आप बीटरूट खिला सकते हैं। इसमें विटामिन ए और सी दोनों होते हैं। गाजर, आंवला संतरा कीवी, शकरकंदी, यह सभी इम्यूनिटी बूस्ट करने वाले फल हैं।
- बच्चे को नट्स और सीड्स जरूर दें। यह बेहतरीन पोषण का स्रोत होते हैं। इनमें हेल्दी फैट्स होते हैं जो ना इम्यूनिटी को मजबूत बनाते हैं बल्कि शरीर के विकास के लिए भी जरूरी पोषक तत्व प्रदान करते हैं। बादाम और अखरोट खिलाएं। इसके अलावा चिया सीड्स भी खिलाएं। इनमें ओमेगा 3 फैटी एसिड और फाइबर होते हैं। अगर आपके बच्चे की उम्र 3 साल से कम है तो नट्स को भिगोकर उसका छिलका उतार लें, फिर पेस्ट बनाकर डाइट में ऐड करें।
- बच्चों की डाइट में प्रोबायोटिक्स जरूर शामिल करें। इसके लिए दही केफिर फर्मेंटेड फूड्स खिलाएं, इससे इम्यूनिटी मजबूत होती है। पाचन तंत्र भी स्वस्थ रहता है।






# डायबिटीज मेलिटस क्या होता है?



**डायबिटीज मेलिटस एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर में ग्लूकोज का स्तर बढ़ जाता है। यह दो मुख्य प्रकारों में पाया जाता है, टाइप 1 और टाइप 2 डायबिटीज।**

डायबिटीज एक गंभीर रोग है, यह खराब लाइफस्टाइल जीने का परिणाम होता है,यह समस्या तब होती है जब शरीर पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन नहीं बना पाता है याशरीर इंसुलिन का सही इस्तेमाल नहीं कर सकता है, इससे शरीर में ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है जिसके कारण कई तरह की दिक्कतें होने लगती है। आज इस बीमारी के बार में बच्चा बच्चा जानता है, लेकिन क्या आप डायबिटीज मेलिटस के बारे में जानते हैं। आइए जानते हैं क्या होता है डाइबिटीज मिलेटस।

## डायबिटीज मेलिटस क्या होता है?

एक्सपर्ट बताते हैं कि जब शरीर में ब्लड शुगर का लेवल बढ़ जाता है तो यह यूरिन के जरिए निकने लगता है, जब ग्लूकोज यूरिन से निकलने लगता है तो उसे कहते हैं ग्लाइकोसुरिया साथ में उसका बैलेंस करने के लिए सेल्स में से वॉटर भी एक्सरीट होता है। इससे शरीर में यूरिन का प्रोडक्शन बढ़ जाता है जिसे पॉली यूरिया के नाम से जाना जाता है। इस स्थिति में आपको बार-बार यूरिन पास करने की इच्छा होती है। यह डायबिटीज मेलिटस के लक्षण होते हैं।

## कैसें करें बचाव?

- सही लाइफस्टाइल का चुनाव
- नियमित रूप से एक्सरसाइज करें।
- फाइबर रिच डाइट लें।
- ब्लड शुगर की निगरानी करें



# कब पड़ती है इंसुलिन लेने की जरूरत

डायबिटीज एक गंभीर रोग है। इसे बोलचाल की भाषा में शुगर का जाता है। डायबिटीज सब होता है जब आपका शरीर पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन नहीं करता है या शरीर इसका उपयोग नहीं कर पाता है। डायबिटीज का कोई परमानेंट इलाज नहीं है। इसे आप सही जीवन शैली और दवाई लेकर करके कंट्रोल में कर सकते हैं। वहीं कुछ कंडीशन में मरीज को इंसुलिन भी दिया जाता है। आइए जानते हैं डायबिटीज में इंसुलिन लेने की जरूरत कब पड़ती है इस बारे में हम जानकारी दे रहे हैं।

## डायबिटीज में इंसुलिन लेने की जरूरत कब पड़ती है?

डायबिटीज दो प्रकार की होती है। एक टाइप 1 डायबिटीज है और दूसरा टाइप 2
टाइप 1 डायबिटीज एक ऐसी स्थिति है जब शरीर इंसुलिन का उत्पादन करना पूरी तरह से बंद कर देता है। टाइप 1 डायबिटीज में इंसुलिन लेने की जरूरत होती है, क्योंकि शरीर में नेचुरल रूप से इंसुलिन का निर्माण नहीं हो पता है। यह आमतौर पर बच्चों या युवा लोगों में होता है। बता दे की इंसुलिन एक हार्मोन है जो शरीर में ग्लूकोज यानी कि शुगर के स्तर को नियंत्रित करता है। अगर टाइप 2 डायबिटीज में डायबिटीज कंट्रोल नहीं हो पाता है तब भी इंसुलिन दिया जाता है।
इंसुलिन थेरेपी को आमतौर पर तब शुरू किया जाता है जब प्रारंभिक फास्टिंग प्लाजमा ग्लूकोज 250 से अधिक हो या HbAvc 10% से अधिक हो। इंसुलिन आमतौर पर तब आवश्यकता होती है जब रक्त शर्करा का स्तर 200 से ऊपर हो। हालांकि यह निर्णय डॉक्टर पर निर्भर करता है कि इंसुलिन कब शुरू करना है। डॉक्टर आपके रक्त शर्करा के स्तर,लक्षणों और अन्य स्वास्थ्य कारकों को ध्यान में रखते हुए इंसुलिन थेरेपी शुरू करने का निर्णय लेते हैं।



# डाइट में शामिल करें इस हरे पत्ते का पानी, मिलेंगे ये फायदे

**बथुआ का पानी आपके डाइजेशन को बढ़ाता है, शरीर को डिटॉक्स करता है और आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ावा देता है।**

साग कई प्रकार के होते हैं,जिनमें से एक है सर्दियों में मिलने वाला बथुआ का साग,यह कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसे आमतौर पर सब्जी के रूप में खाया जाता है, लेकिन क्या आपको मालूम है कि अगर आप बथुआ साग का पानी पिएं तो आपकी सेहत को कितना लाभ होगा? आइए समझते हैं बथुआ साग का पानी पीने से क्या-क्या फायदे हो सकते हैं।

## बथुआ का पानी पीने के फायदे


- बथुआ का पानी पीने से सर्दियों में आपकी इम्यूनिटी मजबूत हो सकती है। इसमें विटामिन ए, सी, एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। इससे मौसमी बीमारियों से बचाव होता है।
- इसमें आयरन की भरपूर मात्रा होती है, ऐसे में अगर आपको खून की कमी है तो आप इसका पानी पी सकते हैं, इससे एनीमिया में फायदा हो सकता है। खून की गुणवत्ता में सुधार होता है।
- इसमें एंटी इंफ्लेंमेटरी गुण होते हैं जो जोड़ों के दर्द और सूजन को कम करने में मदद करता है।
- बथुए का पानी पीने से एसिडिटी कब्ज की समस्या में भी फायदा मिलता है इसमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है। यह शरीर को डिटॉक्स करता है।

## बथुआ का पानी कैसे तैयार करें?

- इसे बनाना बहुत ही आसान है, इसके लिए आप बथुआ को 3 से 4 पानी साफ से धो लें।
- अब एक बर्तन में पानी डाल कर बथुआ को उबाल लें
- तैयार है बथुआ का पानी आप इसे गर्म या ठंडा करके पी सकते हैं।

# टूटे नाखून से लेकर रूखी हथेलियों तक, इन जरूरी चीजों की कमी का संकेत दे सकते हैं आपके हाथ

**जब भी हमारे शरीर में किसी न्यूट्रिएंट्स की कमी होती है या शरीर में किसी बीमारी की शुरुआत होती है, तो इसके लक्षण साफ नजर आने लगते हैं। अगर आप इन लक्षणों को समय पर पहचान लें, तो आने वाले वक्त की मुश्किलों से बचा जा सकता है। आपके हाथ भी कई जरूरी चीजों के बारे में बताते हैं। नाखूनों का जल्दी टूटना, नाखूनों का पीला होना और भी कई चीजें, शरीर में जरूरी न्यूट्रिएंट्स की कमी का संकेत देतीं हैं।**



सेहतमंद रहने के लिए, शरीर के सभी अंगों का ठीक से काम करना और शरीर में सभी विटामिन्स, मिनरल्स और हार्मोन्स का लेवल सही होना जरूरी है। जब भी हमारे शरीर में किसी बीमारी के पनपने की शुरुआत होती है या किसी जरूरी न्यूट्रिएंट की कमी होती है, तो इसके कुछ लक्षण शरीर में नजर आने लगते हैं। कमजोरी महूसस होना, हमेशा थकान रहना, डाइजेशन से जुड़ी दिक्कतें या शरीर में दर्द रहना, ये कुछ ऐसी चीजें हैं, जिन्हें हम अक्सर नजरअंदाज करते हैं। लेकिन, असल में ये चीजे सेहत से जुड़ी जरूरी जानकारी देती हैं। हमारे नाखून और हाथ भी सेहत से जुड़े कई इशारे करते हैं, जिन्हें समझकर अगर हम अपने डाइट और लाइफस्टाइल में बदलाव करें, तो हम सेहतमंद रह पाएंगे। हमारे हाथ सेहत के बारे में क्या कुछ कहते हैं और शरीर में किन जरूरी न्यूट्रिएंट की कमी का इशारा करते हैं, इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं।

- एक्सपर्ट का कहना है कि अगर आपने नाखून क्रैक हैं यानी बीच-बीच में टूटे हुए हैं, तो शरीर में विटामिन बी7 (बायोटिन), विटामिन बी12 और कैल्शियम की कमी हो सकती है। इसकी वजह से नाखून कमजोर होने लगते हैं।
- अगर आपके नाखून पीले हो रहे हैं, तो आपको इस पर खास ध्यान देने की जरूरत है। पीले नाखून, शरीर में आयरन की कमी यानी एनीमिया और लिवर के ठीक तरह से काम न करने को दिखाते हैं। अगर आपके नाखून अधिक पीले हैं, तो यह पीलिया का संकेत भी हो सकता है।
- सर्दियों में हाथों में रूखापन आम बात है। लेकिन, अगर आपके हाथ हमेशा ड्राई करते हैं, तो शरीर में हार्मोनल इंबैलेंसका संकेत हो सकता है। इसका मतलब है आपके शरीर में एस्ट्रोजन की कमी हो सकती है।
- अगर आपके हाथ बहुत अधिक ठंडे रहते हैं, तो यह शरीर में खून की कमीका संकेत हो सकता है। यह हाइपोथायराइड या लो थायराइड फंक्शन का भी संकेत हो सकता है।
- अगर आपके हाथ अक्सर कांपते रहते हैं, तो यह विटामिन-बी 12 की कमी या हाइपोथायराइड का संकेत हो सकता है।
- अगर आपकी उंगलियों या हाथों के ज्वाइंट्स में दर्द होता है, तो इसके पीछे शरीर में एस्ट्रोजन या कैल्शियम की कमी हो सकती है।
- अगर आपको हथेलियों पर पीले धब्बे नजर आए, तो यह शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल के बढ़े होने का संकेत हो सकता है। यह लिवर के ठीक से काम न करने का संकेत भी हो सकता है।
- जिन लोगों को हाथों में सुई चुभती हुई महसूस होती हैं, उनके शरीर में विटामिन-बी की कमी हो सकती है।
- अगर आपके नाखूनों पर लाइने नजर आ रही हैं, तो यह जिंक या आयरन की कमी का संकेत हो सकता है। इसकी वजह से नाखूनों पर सफेद पैचेज भी नजर आ सकते हैं।

# पैसा ही पैसा...28 का शेयर मचा रहा गदर

## 5 साल में दिया 56,000 प्रतिशत का तूफानी रिटर्न

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज के शेयर में बीते शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन 5 प्रतिशत का ऊपरी सर्किट लगा। यह 28.09 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने अगले हफ्ते 28 नवंबर को फंड जुटाने पर विचार करने की घोषणा की है। इसके बाद इसमें उछाल आया है। यह लगातार पांचवां कारोबारी सत्र था जब शेयर में तेजी देखी गई। यह स्मॉल-कैप स्टॉक पिछले पांच सालों में 56,000 प्रतिशत का मल्टीबैगर रिटर्न दे चुका है। हालांकि, हाल के दिनों में इसका प्रदर्शन मिला-जुला रहा है। पिछले एक साल में शेयर में 30 प्रतिशत की गिरावट आई है। लेकिन, पिछले छह महीनों में 11 प्रतिशत, तीन महीनों में 41 प्रतिशत और एक महीने में 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज ने एक्सचेंज को सूचित किया है कि उसके निदेशक मंडल की बैठक 28 नवंबर, 2025 को शुक्रवार को होगी। इस बैठक में इक्विटी शेयर या इक्विटी में बदलने योग्य वारंट जारी करके फंड जुटाने के प्रस्ताव



का मूल्यांकन किया जाएगा। यह फंड जुटाना आवश्यक नियामक और शेयरधारक की मंजूरी के अधीन, तरजीही आवंटन सहित अनुमत माध्यमों से किया जा सकता है। कंपनी ने अपनी एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, बोर्ड फंड जुटाने की गतिविधियों पर विचार करेगा और अगर उचित समझा गया तो इक्विटी शेयर या इक्विटी शेयरों में बदलने योग्य वारंट जारी करके, जिसमें तरजीही आवंटन भी शामिल है, उन्हें मंजूरी देगा। कंपनी के सितंबर तिमाही के नतीजे काफी शानदार रहे। इस तिमाही में शुद्ध लाभ 29.9 करोड़ रहा, जो पिछले साल की इसी तिमाही ) के 14.7 करोड़ की तुलना में 104 प्रतिशत ज्यादा है। वहीं, परिचालन से राजस्व साल-दर-साल 54 प्रतिशत बढ़कर 286.9 करोड़ हो गया, जबकि त्त2स्न्नड्ड25 में यह 186.6 करोड़ था। ई बी आई टी डी ए भी दोगुना होकर 30.7 करोड़ हो गया, जो पिछले साल के 14.7 करोड़ से 109 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। ई बी आई टी डी ए मार्जिन भी 7.9 प्रतिशत से बढ़कर 10.7 प्रतिशत हो गया, जो 284 बेसिस पॉइंट का सुधार है।

सितंबर 2025 को समाप्त हुए छह महीनों के लिए शुद्ध लाभ पिछले साल के 27.4 करोड़ से दोगुना होकर 54.7 करोड़ हो गया। राजस्व 536.7 करोड़ रहा, जो वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के 326.7 करोड़ से 64 प्रतिशत अधिक है। ई बी आई टी डी ए में 92 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 56.2 करोड़ हो गया, जबकि पिछले साल यह 29.2 करोड़ था। मार्जिन में भी लगातार सुधार देखा गया।

### क्या है कंपनी का बैकग्राउंड

इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज की स्थापना 1995 में हुई थी। यह जैविक और अकार्बनिक खाद्य उत्पाद और बेकरी आइटम बनाती है। इसकी सहायक कंपनी नेचर वेल फूड्स की स्थापना 2023 में हुई थी। यह कई ब्रांडों के तहत बिस्कुट और कुकीज का उत्पादन करती है। यह सहायक कंपनी राजस्थान के नीमराणा में एक आधुनिक स्वचालित सुविधा का संचालन करती है। इसकी उत्पादन क्षमता 3,400 टन प्रति माह है।

# अडानी समूह ने बनाई 2 और कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गौतम अडानी समूह की कंपनी- अडानी ग्रीन एनर्जी ने क्लीन एनर्जी उत्पादन और वितरण के लिए दो कंपनियां बनाई है। अडानी ग्रीन एनर्जी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडयरी कंपनी अडानी सौर ऊर्जा लिमिटेड (एएसयूकेएएल) ने गुजरात में दो पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनियां अडानी हाइड्रो एनर्जी



थर्टीन (एएचई13) और अडानी हाइड्रो एनर्जी सिक्सटीन (एएचई16) स्थापित की हैं। कंपनी ने कहा कि एएचई13एल और एएचई16एल का मुख्य उद्देश्य विंड एनर्जी, सोलर एनर्जी या अन्य रिन्यूएबल सोर्सेज से किसी भी प्रकार की विद्युत ऊर्जा का उत्पादन, विकास, रूपांतरण, वितरण, बिक्री और आपूर्ति करना है।
अडानी ग्रीन के शेयर की बात करें तो शुक्रवार को यह बिकवाली मोड में था। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यह शेयर 2.79 प्रतिशत टूटकर 1029.75 रुपये पर बंद हुआ। शेयर का ट्रेडिंग रेंज 1062.60 रुपये से 1029.75 रुपये के बीच रहा। शेयर का 52 वीक हाई 1,445 रुपये और 52 वीक लो 758 रुपये है।

### कैसे रहे तिमाही नतीजे

चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़कर 644 करोड़ रुपये हो गया। इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर अवधि में कंपनी ने 515 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था। इस अवधि के दौरान बिजली आपूर्ति से कंपनी का राजस्व सालाना आधार पर 2,308 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,776 करोड़ रुपये हो गया। इस

# मीशो के आईपीओ का इंतजार खत्म

## कब तक शेयर बाजार में लिस्ट होगी कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ई-कॉमर्स दिग्गज मीशो आईपीओ मार्केट में एंट्री के लिए तैयार है। अगर सबकुछ ठीक रहा तो दिसंबर के महीने में आईपीओ की लॉन्चिंग हो सकती है। उद्योग जगत के एक सूत्र ने मनीकंट्रोल को बताया कि रोड शो और निवेशकों के साथ चर्चा के बाद मीशो ने अब मूल्यांकन तय कर लिया है और




जल्द ही लिस्टिंग के लिए तैयार है।
एक अन्य सूत्र ने कहा कि मीशो दिसंबर की शुरुआत में अपना आईपीओ लॉन्च करने की योजना बना रही है। इसने जुलाई में गोपनीय तरीके से सेबी के पास ड्राफ्ट पेपर दाखिल किए थे, जिसके बाद 18 अक्टूबर को यूडीआरएचपी-1 (अपडेट ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस) दाखिल किया गया था। यूडीआरएचपी-2 जल्द ही दाखिल किया जाएगा।

### क्या है आईपीओ डिटेल

मीशो ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 4,250 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है।

## भूटान के बड़े प्रोजेक्ट पर टाटा ने लगाया दांव

# 1572 करोड़ रुपये में डील पर मुहर




### कैसे रहे तिमाही नतीजे

टाटा पावर को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के दौरान 1,245 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है, जो पिछले साल की समान तिमाही की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक है। कंपनी का कुल राजस्व तीन प्रतिशत बढ़कर 15,769 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। परिचालन लाभ छह प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4,032 करोड़ रुपये रहा।

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा पावर ने एक बड़ी डील की है। कंपनी ने कहा कि उसने भूटान के एक विशेष उद्देशीय कोष (एसपीवी) में 1,572 करोड़ रुपये में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए ड्रुक ग्रीन पावर कॉर्पोरेशन के साथ कॉमर्शियल समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत 1125 मेगावाट की दोर्जिलुंग जलविद्युत परियोजना स्थापित की जानी है। दोर्जिलुंग भूटान की दूसरी सबसे बड़ी पनबिजली परियोजना होगी, और यह देश में अब तक सबसे बड़ी सार्वजनिक-निजी साझेदारी (पीपीपी) वाली परियोजना होगी।

समझौते के तहत टाटा पावर ने तय ढांचे के अनुसार किस्तों में लगभग 1,572 करोड़ रुपये का इक्विटी निवेश करने का वादा किया है। इस रियायती समझौते पर थिम्पू में टाटा पावर के सीईओ और एमडी प्रवीर सिन्हा और ड्रुक ग्रीन पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीजीपीसी) के प्रबंध निदेशक दाशो छेवांग रिनजिन ने भूटान के प्रधानमंत्री ल्योंछेन शेरिंग तोबगे की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए। बता दें कि यह परियोजना सितंबर 2031 में चालू होने वाली है, और इसका 80 प्रतिशत उत्पादन भारत को आपूर्ति किया जाएगा। इससे इलाके की ऊर्जा सुरक्षा और साफ बिजली की उपलब्धता को काफी बढ़ावा मिलेगा। इस परियोजना को विश्व बैंक का समर्थन है।

**टाटा पावर के शेयर का हाल-** टाटा पावर के शेयर की बात करें तो सुस्त पड़ा है और इसका भाव शुक्रवार को 386.95 रुपये है। दिसंबर 2024 में शेयर की कीमत 447.70 रुपये थी।

# अमेरिकी टैरिफ के दंश से भारत को राहत पहुंचा रहा है चीन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी टैरिफ के दंश के बीच भारतीय निर्यातकों के लिए एक अच्छी खबर है। भारत का चीन को निर्यात इस वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में हर महीने बढ़ा है। अक्टूबर में तो यह 42 प्रतिशत तक बढ़ गया। इससे भारत को अमेरिका द्वारा लगाए गए भारी टैरिफ (शुल्क) के असर को कुछ हद तक कम करने में मदद मिली है।

### कितना हो गया निर्यात

इस साल अप्रैल से अक्टूबर के दौरान, चीन को भारत का निर्यात पिछले साल की तुलना में 24.7 प्रतिशत बढ़कर 10.03 बिलियन हो गया। इसमें पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स, टेलीकॉम इंस्ट्रुमेंट्स और मरीन प्रोडक्ट्स सबसे आगे रहे। हालांकि, इस अवधि में भारत का कुल निर्यात सिर्फ 0.63 प्रतिशत ही बढ़ा। एक अधिकारी ने कहा, यह द्विपक्षीय व्यापार के सबसे मजबूत दौरों में से एक है,




खासकर ऐसे समय में जब दुनिया भर में मांग अनिश्चित है और कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के निर्यात क्षेत्र सिकुड़ रहे हैं।

**लगातार बढ़ रहा है निर्यात-** इस साल अप्रैल में चीन को निर्यात 11 प्रतिशत बढ़ा था। जुलाई में यह बढ़कर 28 प्रतिशत और सितंबर में 33 प्रतिशत हो गया। अप्रैल-अक्टूबर के दौरान चीन भारत का चौथा सबसे बड़ा एक्सपोर्ट डेस्टिनेशन था। हालांकि, अक्टूबर में चीन को हुआ मजबूत निर्यात, भारत के कुल निर्यात के प्रदर्शन से अलग है। उस महीने, अमेरिका द्वारा 27 अगस्त से लागू किए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के कारण, भारत का कुल निर्यात 11.8 प्रतिशत घटकर 34.38 बिलियन रह गया।

### भारतीय सामानों का सबसे बड़ा आयातक चीन

इस समय चीन भारत के लिए सामान का सबसे बड़ा आयातक बना हुआ है। अप्रैल-अक्टूबर के दौरान चीन से 73.99 बिलियन का सामान भारत आया। इस दौरान चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा (जितना हम खरीदते हैं और जितना बेचते हैं, उसका अंतर) 64 बिलियन रहा।

# दुनिया पर महा-संकट... फंसी है कई देशों की गर्दन

## दिग्गज अर्थशास्त्री की चेतावनी, सामने सिर्फ 2 रास्ते

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जापान में लंबे समय के लिए कर्ज लेने की लागत ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गई है। इससे देश की वित्तीय स्थिरता, कमजोर होती मुद्रा और वैश्विक बॉन्ड बाजार पर बढ़ते दबाव को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक चार्ट साझा करते हुए चेतावनी दी है। उनके मुताबिक, यह उछाल वैश्विक बाजारों के लिए महत्वपूर्ण मोड़ है। उन्होंने कहा, जापान की 30-वर्षीय यील्ड 3.4 प्रतिशत पर पहुंच गई है - यह एक बड़ा ग्लोबल स्ट्रेस पॉइंट है। अपने कर्ज के स्तर को देखते हुए जापान को या तो मंदी स्वीकार करनी होगी या लंबे समय तक ज्यादा महंगाई का सामना करना पड़ेगा। वहीं, ब्रिटेन की 30-वर्षीय यील्ड 5.4 प्रतिशत पर है। जापान की यील्ड में यह उछाल विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। कारण है कि यह देश लंबे समय से अल्ट्रा-लो ब्याज दरों का ग्लोबल सेंटर रहा है। जापानी सरकारी बॉन्ड (जेजीबी) यील्ड में बढ़ोतरी वैश्विक बाजारों में फैल सकती है। इससे फाइनेंसिंग की लागत बढ़ने के साथ अस्थिरता बढ़ने के आसार हैं।

**कर्ज वाले देशों की फंस चुकी है गर्दन-** सान्याल का आकलन एक और अहम पैमाने को दर्शाता है। वह यह है कि दुनिया एक ऐसे चरण में प्रवेश कर सकती है जहां सबसे अधिक कर्ज वाले देशों को दर्दनाक विकल्प का सामना करना पड़ेगा। उनके सामने दो विकल्प होंगे। मंदी या लंबे समय



तक चलने वाली महंगाई। कारण है कि उधार लेने की लागत लगातार बढ़ रही है।

**जापान में गहराया संकट-** जापानी सरकारी बॉन्ड (जेजीबी) की बिकवाली जारी है। इससे 30-वर्षीय यील्ड रिकॉर्ड 3.37 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह 3 आधार अंकों की बढ़ोतरी है जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। अन्य परिपक्वता अवधि के बॉन्ड पर भी दबाव देखा गया। 20-वर्षीय यील्ड 3.5 आधार अंक बढ़कर 2.85 प्रतिशत हो गई। यह जून 1999 के बाद सबसे अधिक है। 10-वर्षीय यील्ड 3.5 आधार अंक बढ़कर 1.8 प्रतिशत हो गई, जो जून 2008 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। यह तेज उछाल कई जोखिमों का परिणाम है। इनमें जापान का भारी कर्ज, लगातार बढ़ती महंगाई और येन का तेजी से कमजोर होना शामिल है। यह यील्ड उछाल प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची की कैबिनेट की ओर से 21.3 ट्रिलियन येन (135 अरब डॉलर) के एक प्रोत्साहन पैकेज को मंजूरी देने के कुछ दिनों बाद आया है। इस पैकेज का उद्देश्य परिवारों और व्यवसायों को बढ़ती कीमतों से निपटने में मदद करना है। इसमें ऊर्जा सब्सिडी और टैक्स में कटौती शामिल है।

**महंगाई जापान में बड़ा मुद्दा-** ताकाइची पांच साल में जापान की पांचवीं प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने पिछले महीने पदभार संभाला था। महंगाई से निपटने का वादा किया था।

### ब्रिटेन की हालत भी खराब

जापान की यह उथल-पुथल ऐसे समय में आई है जब प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में लंबी अवधि के लिए कर्ज लेने की लागत तेजी से बढ़ रही है। ब्रिटिश 30-वर्षीय गिल्ट यील्ड हाल ही में 5.680 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो 27 साल का ऊंचा स्तर है। यह उछाल कई चिंताओं के कारण है। इनमें ब्रिटेन में लगातार ऊंची महंगाई, सरकारी उधार में बढ़ोतरी, धीमी आर्थिक तरक्की और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से फेडरल रिजर्व पर दबाव के कारण उत्पन्न राजनीतिक अनिश्चितता शामिल है। ब्रिटेन की लंबी अवधि की उधार लागत अब जी7 देशों में सबसे ज्यादा है। सान्याल ने इस बात पर रोशनी डाली कि यह वैश्विक बॉन्ड बाजार पर बढ़ते तनाव का एक हिस्सा है।

## डिलीवरी बॉय से कैब ड्राइवर तक

# गिग वर्कर्स के लिए कंपनियों को करना होगा ये काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में नए लेबर लॉ 21 नवंबर 2025 से लागू हो गए हैं। इसके लागू होने से कर्मचारियों को कई बड़ी सुविधाएं मिलने वाली हैं। इसके तहत गिग वर्कर्स के लिए भी कुछ अहम ऐलान हुए हैं। गिग वर्कर्स में फ्रीलांसर, डिलीवरी बॉय और कैब ड्राइवर्स आते हैं। नए लेबर लॉ के लागू होने से स्विगी, जोमैटो, ब्लिंकिट और जेप्टो जैसी ऑनलाइन फूड डिलीवरी, ई-




कॉमर्स और क्विक-कॉमर्स कंपनियों सहित कई अन्य कंपनियों को अब अपने वार्षिक कारोबार का 2 प्रतिशत तक गिग और प्लेटफॉर्म कर्मचारियों के लिए आवंटित करना होगा।

### पहली बार गिग वर्कर्स के लिए हुआ ये काम

बता दें कि सरकार ने पहली बार कानूनों में गिग वर्कर्स, प्लेटफॉर्म वर्कर्स और एग्रीगेटर्स की परिभाषा जोड़ते हुए स्पष्ट किया है कि ये श्रमिक देश के औपचारिक आर्थिक ढांचे का हिस्सा हैं। नए श्रम संहिताओं के तहत सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 को लागू करते हुए मंत्रालय ने घोषणा की कि सभी गिग तथा प्लेटफॉर्म वर्कर्स को अब पीएफ, ईएसआईसी, बीमा और अन्य सुरक्षा लाभों का अधिकार होगा। इससे पहले यह लाभ केवल संगठित क्षेत्र तक सीमित थे, जिसके कारण देश के 80 प्रतिशत से अधिक श्रमिक ऐसे थे जिन्हें सामाजिक सुरक्षा का कोई लाभ नहीं मिलता था।

### कंपनियां क्या करेंगी

नए लेबर लॉ के अनुसार, गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को रोजगार देने वाली एग्रीगेटर कंपनियों को अपने वार्षिक कारोबार का 1-2 प्रतिशत श्रमिकों को देने की आवश्यकता नहीं होगी। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने यह भी बताया कि कंपनियों द्वारा इन श्रमिकों को देय राशि में से गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए आवंटन की ऊपरी सीमा 5 प्रतिशत होगी। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने अपनी आधिकारिक घोषणा में कहा- एग्रीगेटर्स को वार्षिक टर्नओवर का 1-2 प्रतिशत योगदान देना होगा, जो गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को भुगतान/देय राशि के 5 प्रतिशत तक सीमित होगा।

## 2 रुपये से 96 रुपये के पार शेयर, 4700 प्रतिशत की तूफानी तेजी

# अब कंपनी को मिला बड़ा सोलर प्रोजेक्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एडवांस्ड सोलर और क्लीन एनर्जी सॉल्यूशंस बनाने वाली कंपनी सर्वोटेक रिन्यूएबल पावर सिस्टम लिमिटेड को एक और बड़ा ऑर्डर मिला है। सर्वोटेक रिन्यूएबल पावर को ग्राउंड माउंटेड और रूफटॉप ऑन-ग्रिड सोलर प्रोजेक्ट मिला है। कंपनी को मिला यह प्रोजेक्ट 16.31 करोड़ रुपये का है। सर्वोटेक रिन्यूएबल को यह प्रोजेक्ट रेलवे एनर्जी मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड से मिला है। आरईएमसीएल, राइट्स लिमिटेड और रेलवे मिनिस्ट्री का संयुक्त उपक्रम है। सर्वोटेक रिन्यूएबल को पिछले दिनों ही 73.70 करोड़ रुपये का ग्रिड-कनेक्टेड रूफटॉप सोलर प्रोजेक्ट मिला है। कंपनी को यह प्रोजेक्ट न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी डिवेलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ आंध्र प्रदेश लिमिटेड से मिला है।

**4 साल में 4700 प्रतिशत से ज्यादा उछल गए हैं सर्वोटेक रिन्यूएबल के शेयर-** स्मॉलकैप कंपनी सर्वोटेक रिन्यूएबल पावर सिस्टम के शेयर पिछले 4 साल में 4700 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। सोलर कंपनी के शेयर 4 नवंबर 2021 को 1.99 रुपये पर थे। सर्वोटेक रिन्यूएबल के शेयर 21 नवंबर 2025 को एनएसई में 96.05 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले तीन साल में सर्वोटेक रिन्यूएबल के शेयर 537 पर्सेंट उछल गए हैं। हालांकि, पिछले एक साल में सर्वोटेक रिन्यूएबल पावर सिस्टम के शेयरों में 44 पर्सेंट से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। इस साल अब तक कंपनी के शेयरों में 42 पर्सेंट से ज्यादा की गिरावट आई है। सर्वोटेक रिन्यूएबल के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 189.67 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 95.15 रुपये है।

### प्रोजेक्ट में कंपनी को क्या करना होगा

रेलवे एनर्जी मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड से मिले सोलर प्रोजेक्ट में सर्वोटेक रिन्यूएबल को नोएडा में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में अलग-अलग कैपेसिटी के ग्राउंड माउंटेड और रूफटॉप सोलर पावर प्लांट्स के डिजाइन, इंजीनियरिंग, सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग का काम करना होगा। इसके अलावा, प्रोजेक्ट में 10 साल के ऑपरेशंस और मेंटीनेंस भी शामिल है।




# न्यूज़ीलैंड ने वेस्टइंडीज को 4 विकेट से हराया

**सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया, मैट हेनरी ने 4 विकेट लिए**

**हेमिल्टन (एजेंसी)।** शनिवार (22 नवंबर) को हेमिल्टन के सेडुन पार्क में खेले गए तीसरे वनडे में न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 4 विकेट से हराकर सीरीज में 3-0 की क्लीन स्वीप दर्ज की। न्यूजीलैंड शुरुआती दो मैच जीतकर पहले ही सीरीज अपने नाम कर चुका था।

वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और न्यूजीलैंड के सामने 162 रनों का लक्ष्य रखा। कीवी टीम ने यह लक्ष्य 30.2 ओवर में 6 विकेट खोकर आसानी से हासिल कर लिया। मैट हेनरी ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 4 विकेट लिए, जबकि मार्क चैपमैन ने 64 और माइकल ब्रेसवेल ने 40 रन बनाकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया।

**2020 से अब तक न्यूजीलैंड घर में सिर्फ 2 वनडे हारा –** न्यूजीलैंड ने 2020 से अब तक घरेलू वनडे में शानदार प्रदर्शन किया है और इस अवधि में वह सिर्फ दो वनडे मैच हारा है।लगातार घरेलू वनडे सीरीज जीतने के मामले में वह विश्व में दूसरे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका ने 17 लगातार सीरीज जीती हैं, जबकि न्यूजीलैंड अब 11 लगातार घरेलू सीरीज जीत चुका है।

**न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ने 8 विकेट लिए –** इस मुकाबले में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज की बैटिंग पूरी तरह ध्वस्त कर दी। मैट हेनरी ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लेकर 43 रन दिए। उनके अलावा काइल जेमिसन, जैकब डफी और ज़ैक फोल्क्स ने मिलकर 4 विकेट चटकाए। जैक फोल्क्स को नाथन स्मिथ की जगह मौका मिला था, जो हैमस्ट्रिंग चोट के कारण टीम से बाहर हो गए थे।

### वेस्टइंडीज 36.2 ओवर में सिर्फ 161 पर सिमटी

पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत कमजोर रही और टीम ने 38 रन पर ही अपने दो विकेट खो दिए। कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका, जिसके कारण पूरी टीम सिर्फ 36.2 ओवर में 161 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। वेस्टइंडीज के लिए रोस्टन चेज ने 51 गेंदों में 38 रन, जॉन कैंपबेल ने 24 गेंदों मे 26 रन और निचेल क्रम में खैरी पिएरे ने 34 गेंदों में नाबाद 22 रन बनाए।

### चैपमैन-ब्रेसवेल की 75 रनों की साझेदारी ने न्यूजीलैंड की जीत सुनिश्चित की

162 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। 32 रन के भीतर ही उसके 3 विकेट गिर गए। ओपनर डेवोन कॉन्वे 11, रचिन रवींद्र 14 और विल यंग 3 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

इसके बाद मार्क चैपमैन ने पारी को संभाला। चौथे विकेट के लिए उन्होंने टॉम लाथम के साथ 52 गेंदों में 38 रनों की साझेदारी की। उसके बाद पांचवें विकेट के लिए मार्क ब्रेसवेल के साथ 48 गेंदों में 75 रनों की अहम साझेदारी की, जिसने टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। चैपमैन ने 63 गेंदों में 64 रन बनाए, जबकि मार्क ब्रेसवेल ने 31 गेंदों पर नाबाद 40 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

# गुवाहाटी टेस्ट के पहले दिन साउथ अफ्रीका- 247/6

**कुलदीप यादव ने 3 विकेट लिए, स्टब्स ने 49, कप्तान बावुमा ने 41 रन बनाए**




**गुवाहाटी (एजेंसी)।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच गुवाहाटी टेस्ट के पहले दिन का खेल 8.1 ओवर पहले खत्म हो गया। बरसापारा स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी मेहमान टीम ने 6 विकेट खोकर 247 रन बना लिए। ट्रिस्टन स्टब्स ने 49 और कप्तान टेम्बा बावुमा ने 41 रन बनाए। सेनुरन मुथुसामी 25 और विकेटकीपर काइल वेरिने 1 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। वियान मुल्डर 13, टोनी डी जॉर्जी 28, रायन रिकेल्टन 35 और ऐडन मार्करम 38 रन बनाकर आउट हुए। भारत से कुलदीप यादव ने 3 विकेट लिए। रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह को 1-1 विकेट मिला। दूसरे दिन का खेल रविवार सुबह 9 बजे से शुरू होगा।

### बुमराह ने मार्करम को बोल्ड किया

जसप्रीत बुमराह ने पहले सेशन की आखिरी बॉल पर भारत को पहली सफलता दिलाई। उन्होंवे 27वें ओवर की पांचवीं गेंद पर ऐडन मार्करम को बोल्ड कर दिया। अंदर आती हुई थोड़ी छोटी-फुलर लेंथ की गेंद पर मार्करम ड्राइव करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वे चूक गए। गेंद उनके बल्ले के अंदरूनी किनारे से लगकर सीधे स्टंप्स में जा लगी। इस तरह भारत को टी-ब्रेक से ठीक पहले बड़ी सफलता मिली।मार्करम ने 81 गेंदों में 38 रन बनाए और अपनी पारी में 5 चौके लगाए। उन्होंने रायन रिकेल्टन के साथ पहले विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-इलेवन

**भारत-** यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (कप्तान/विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, नीतीश रेड्डी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**साउथ अफ्रीका-** ऐडन मार्करम, रायन रिकेल्टन, वियान मुल्डर, टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जॉर्जी, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरिने (विकेटकीपर), साइमन हार्मर, केशव महाराज, मार्को यानसन, सेनुरन मुथुस्वामी।

**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26**

# इस अनुभवी बल्लेबाज को मिली दिल्ली की कप्तानी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के अनुभवी बल्लेबाज़ नितीश राणा को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) 2025–26 में टीम की कमान सौंपी गई है। वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के उभरते स्पिनर दिग्वेश राठी को टीम में जगह नहीं मिली है। टूर्नामेंट की शुरुआत 26 नवंबर से होगी और दिल्ली अपने सभी मुकाबले अहमदाबाद में खेलेगी।



**दिल्ली का ग्रुप और पिछले प्रदर्शन –** दिल्ली को एसएमएटी के एलीट ग्रुप ष्ठ में रखा गया है, जिसमें झारखंड, कर्नाटक, उत्तराखंड, राजस्थान, तमिलनाडु, सौराष्ट्र और त्रिपुरा जैसी टीमें शामिल हैं। दिल्ली ने इस ट्रॉफी को अब तक सिर्फ एक बार (2017–18) जीता है, जब टीम की कमान प्रदीप सांगवान के हाथों में थी।

**राणा का दिल्ली के लिए पहला बड़ा अभियान –** नितीश राणा इस सीजन में पहली बार दिल्ली के लिए खेलेंगे। वह इससे पहले उत्तर प्रदेश की टीम से जुड़े थे और रणजी ट्रॉफी के पहले चरण में प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली थी। एमएसएटी में कप्तानी के अलावा राणा आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स का भी हिस्सा होंगे, जहां वे राजस्थान रॉयल्स से ट्रेड होकर आए हैं। दिल्ली प्रीमियर लीग में राणा का प्रदर्शन शानदार रहा था, जहां उन्होंने 134, 45 और 79* रन की पारी खेलकर वेस्ट दिल्ली लायंस को खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई।

**फिटनेस पर निर्भर चयन — इशांत, सैनी और हर्षित राणा –** दिल्ली की टीम में वरिष्ठ तेज़ गेंदबाज़ इशांत शर्मा और नवदीप सैनी को शामिल किया गया है, लेकिन उनका चयन फिटनेस पर निर्भर करेगा क्योंकि दोनों हाल ही में चोट से उबर रहे हैं। इसी तरह हर्षित राणा का चयन भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली वनडे और टी–20 सीरीज़ के लिए चयन संभावनाओं पर निर्भर करेगा। इंडिया ए के प्रियांश आर्य और सुव्यश शर्मा बांग्लादेश ए से मिली सेमीफाइनल हार के बाद अब दिल्ली की टीम से जुड़ेंगे।

# ऑस्ट्रेलिया ने 2 दिन में पहला एशेज टेस्ट जीता

**इंग्लैंड को 8 विकेट से हराया, स्टार्क को 10 विकेट**




**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज का पहला टेस्ट 8 विकेट से जीत लिया। पर्थ स्टेडियम में टीम ने शनिवार को मुकाबले के दूसरे ही दिन इंग्लैंड को हरा दिया। ट्रैविस हेड की 69 गेंद पर सेंचुरी के दम पर टीम ने 205 रन का टारगेट 28.2 ओवर में ही हासिल कर लिया। पहली पारी में इंग्लैंड ने 172 और ऑस्ट्रेलिया ने 132 रन बनाए थे। दूसरी पारी में इंग्लिश टीम 164 रन ही बना सकी और होम टीम को 205 रन का टारगेट मिला। ट्रैविस हेड ने 83 गेंद पर 123 और मार्नस लाबुशेन ने 49 गेंद पर 51 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। मुकाबले में 10 विकेट लेने वाले मिचेल स्टार्क प्लेयर ऑफ द मैच रहे। सीरीज का दूसरा टेस्ट 4 दिसंबर से ब्रिसबेन के द गाबा स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मुकाबला डे–नाइट रहेगा, जिसमें पिंक बॉल का इस्तेमाल होगा।

### 28.2 ओवर में जीत गया ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया ने 205 रन के टारगेट का पीछा करने के लिए जैक वेदराल्ड के साथ ट्रैविस हेड को ओपनिंग भेजा। यह तरकीब टीम के काम आई, हेड ने बेहद तेज बैटिंग की। वेदराल्ड 23 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन हेड के साथ 75 रन की पार्टनरशिप कर ली।

## एशेज ओपनर में ट्रैविस हेड का तूफानी शतक

### ट्रैविस हेड ने डेविड वॉर्नर के रिकॉर्ड की बराबरी की

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने एशेज सीरीज़ के पहले टेस्ट में इंग्लैंड के गेंदबाज़ों की जमकर धुनाई करते हुए सिर्फ 69 गेंदों में शानदार शतक जड़ा। पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में हेड की विस्फोटक पारी ने ऑस्ट्रेलिया को 205 रन के लक्ष्य के बेहद करीब पहुंचा दिया।हेड ने अपनी पारी में 12 चौके और 4 छक्के लगाए और टेस्ट क्रिकेट में अपना 10वां शतक पूरा किया। यह शतक ऑस्ट्रेलिया की ओर से टेस्ट में सबसे तेज शतकों की सूची में आता है, जहां उन्होंने डेविड वॉर्नर की बराबरी कर ली है।

### कठिन पिच पर हेड का कमाल

जब बाकी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज इंग्लैंड की गेंदबाज़ी के सामने संघर्ष करते दिखे, तब 31 वर्षीय हेड ने आक्रामक अंदाज़ में रन बटोरे। उनके इस शतक के साथ ही उन्होंने अपने 4000 टेस्ट रन भी पूरे कर लिए। यह हेड का इस वर्ष का पहला टेस्ट शतक है। इससे पहले उन्होंने पिछले साल दिसंबर में गाबा में 152 रन की यादगार पारी खेली थी।

### तेज़ शतक लगाने वाले शीर्ष ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज


- एडम गिलक्रिस्ट - 57 गेंद
- जैक ग्रेगरी - 67 गेंद
- डेविड वॉर्नर - 69 गेंद
- ट्रैविस हेड - 69 गेंद
- जिमी सिनक्लेयर - 75 गेंद

- **बोलैंड ने झटके 4 विकेट** – इंग्लैंड की दूसरी पारी की शुरुआत खराब रही। ओपनर जैक क्रॉली फिर से बिना खाता खोले आउट हो गए। मिचेल स्टार्क ने अपनी ही गेंद पर एक हाथ से शानदार कैच लेकर उन्हें पवेलियन भेजा। बेन डकेट 28 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें स्कॉट बोलैंड ने स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया।ओली पोप 33 रन बनाकर आउट हुए और यह विकेट भी बोलैंड के नाम रहा। बोलैंड ने दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे अधिक 4 विकेट लिए। ब्रेंडन डोगेट और मिचेल स्टार्क ने दूसरी पारी में 3–3 विकेट चटकाए।

**बैडमिंटन ऑस्ट्रेलिया ओपन 2025**

# चाउ टिएन चेन को हराकर लक्ष्य सेन फाइनल में

**सिडनी (एजेंसी)।** भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने ऑस्ट्रेलिया ओपन 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे के अनुभवी खिलाड़ी चाउ टिएन चेन को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। ओलंपिक पार्क स्पोर्ट्स सेंटर में खेले गए इस रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में लक्ष्य ने 1 घंटा 26 मिनट की कड़ी जंग के बाद 17-21, 24-22, 21-16 से जीत दर्ज की।



इस मुकाबले में लक्ष्य सेन ने तीन मैच पॉइंट बचाते हुए वापसी की और विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज चाउ टिएन चेन को मात देकर इतिहास रच दिया। यह लक्ष्य की चेन के खिलाफ आठ मुकाबलों में चौथी जीत है। पहला गेम चाउ टिएन चेन ने 4-0 की तेज बढ़त के साथ आसानी से जीत लिया। लेकिन दूसरे गेम में लक्ष्य ने शानदार लड़ाई दिखाई और निर्णायक क्षणों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 24-22 से गेम अपने नाम किया। तीसरे गेम में भारतीय शटलर ने 7-2 की बढ़त बनाई और ब्रेक तक 11-6 की बढ़त कायम रखी। एक बार बढ़त मिलने के बाद लक्ष्य ने मैच पर पूरा नियंत्रण बना लिया और 21-16 से जीत हासिल करते हुए फाइनल में जगह पक्की की।

2025 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सीजन में लक्ष्य सेन का यह दूसरा फाइनल होगा। फाइनल में उनका मुकाबला चुन यी लिन (चीनी ताइपे) और युशी तनाका (जापान) के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

# सबा करीम ने बुमराह के इम्पैक्ट पर बात की, कोलकाता से हार के बाद जायसवाल से की ये अपील

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए पहले टेस्ट ने कई सवाल खड़े किए खासकर भारत की बैटिंग असफलता और साउथ अफ्रीका के प्रभावशाली गेंदबाजों को लेकर। हालांकि इस लो-स्कोरिंग मुकाबले में एक बार फिर जसप्रीत बुमराह ने साबित किया कि वह किसी भी कंडीशन, किसी भी सिचुएशन में भारत के सबसे भरोसेमंद बॉलर हैं। पूर्व भारतीय विकेटकीपर सबा करीम ने उनके स्वभाव, फिटनेस और मैच-इंटेलिजेंस की खुलकर तारीफ़ करते हुए कहा कि बुमराह उन गेंदबाजों में से हैं जो सिर्फ अपनी प्रक्रिया पर भरोसा करते हैं और मुश्किल पलों में टीम की ढाल बनते हैं।



**बुमराह- हर कंडीशन में भारत के सबसे भरोसेमंद गेंदबाज –** सबा करीम का मानना है कि जसप्रीत बुमराह केवल उन चीज़ों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिन पर उनका नियंत्रण होता है। चाहे विकेट बल्लेबाज़ों के लिए कितना भी मुश्किल या आसान क्यों न हो, बुमराह अपने नैचुरल स्किल और वेरिएशन्स से असर डालना जानते हैं। करीम के मुताबिक, बुमराह के लिए पिच कम मायने रखती है। उनके पास वो खासियत है जिससे वे पार्टनरशिप तोड़ते हैं और टीम को सही समय पर सफलता दिलाते हैं। पहली और दूसरी–दोनों इनिंग्स में वो कप्तान के सबसे भरोसेमंद विकल्प हैं। उन्होंने इस बात की भी सराहना की कि बुमराह ने ईडन टेस्ट में लंबे स्पेल डाले, फिट नजर आए और विकेट लेने की भूख भी साफ दिखाई दी।

**पहले टेस्ट की हार, पर बुमराह बने भारत के मजबूत स्तंभ –** ईडन गार्डन्स टेस्ट तीन दिनों में समाप्त हो गया जहां दोनों टीमों के बल्लेबाज संघर्ष करते दिखे। भारत 124 रन के छोटे टारगेट तक नहीं पहुंच पाया और 30 रन से हार गया। इसके बावजूद, बुमराह पूरे मैच में लगातार साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों पर दबाव बनाते रहे।

# भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने बैतूल में सरदार @150 मार्च में शामिल होकर किया संबोधित

## सरदार पटेल प्रधानमंत्री होते तो देश अमेरिका, चीन से आगे होताः श्री हेमंत खण्डेलवाल



बैतूल/भोपाल, 22/11/2025। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक श्री हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को बैतूल में सरदार ञ्च150 मार्च में शामिल होकर जनपद आठनेर के ग्राम मांडवी के गणेश कॉलेज से 8 किलोमीटर एकता पदयात्रा के माध्यम से आठनेर के पुलिस ग्राउंड पहुंचे। श्री हेमंत खण्डेलवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल का मानना था कि भारत की ताकत उसकी विविधता में है और यह विविधता तभी सार्थक है जब हम सब एक धागे में बंधे रहें। 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत के उनके स्वप्न को साकार करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता जन-सहयोग से आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत निर्माण के संकल्प की सिद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं। सरदार पटेल अमर रहें, भारत माता की जय, वंदे मातरम जैसे जोशीले नारों के साथ स्कूली विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक मार्च में भाग लिया। कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री श्री दुर्गादास उइके ने भी संबोधित किया।

**गांधी जी के स्वप्न को जमीन पर उतारने का श्रेय सिर्फ सरदार पटेल को है** :भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का मानना था कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी विविधता है, और यह विविधता तभी सार्थक है जब हम सब एक सूत्र में बंधकर चलें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को साकार करने के लिए जनभागीदारी के साथ निरंतर कार्य कर रही है। आजादी के बाद 500 से अधिक रियासतों का ऐतिहासिक एकीकरण उनकी अद्भुत प्रशासनिक क्षमता और राष्ट्रीय निष्ठा का परिणाम था। महात्मा गांधी के 'एक भारत' के स्वप्न को जमीन पर उतारने का श्रेय यदि किसी को जाता है, तो वह केवल और केवल सरदार पटेल को है।

**युवा पीढ़ी सरदार पटेल के आदर्शो से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं** :भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि यदि सरदार पटेल को भारत का प्रथम प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिलता तो भारत विश्व मंच पर अमेरिका और चीन से भी कहीं आगे होता। गुजरात से ही दूध क्रांति की नींव सरदार पटेल ने ही रखी थी। युवा पीढ़ी लौह पुरुष के जीवन-मूल्यों, राष्ट्रनिष्ठ आदर्शों और कर्तव्यनिष्ठा से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत आज तेज गति से आगे बढ़ रहा है। रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं, बुनियादी ढांचा मजबूत हो रहा है और हर चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास सरकार की प्राथमिकता है। केन्द्र और प्रदेश सरकार प्रदेश में उद्योग स्थापना को बढ़ावा दे रही है, जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध हो सके। श्री हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि नागपुर से शुरू हुई भव्य यूनिटी यात्रा सोमवार को बैतूल जिले में प्रवेश करेगी। जिला भाजपा, सामाजिक संगठनों और नागरिकों द्वारा इस यात्रा का ऐतिहासिक, भव्य और अभूतपूर्व स्वागत किया जाएगा।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री सुधाकर पंवार, जिला महामंत्री श्री कृष्णा गायकी, आठनेर नप अध्यक्ष श्रीमती सुषमा मनोज जगताप, जनपद पंचायत श्रीमती रोशनी इवने, मंडल अध्यक्ष श्री गोवर्धन राने, श्री मामा टेकपुरे उपस्थित रहे।

# स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को मिलेगी ट्रेनिंग, सीखेंगे कौशल एवं व्यक्तित्व विकास

## एसजीबीएस उन्नति फाउंडेशन बेंगलुरु द्वारा विद्यार्थियों को दिया जाएगा निःशुल्क प्रशिक्षण



**भोपाल, नप्र।** मध्यप्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के कौशल और व्यक्तित्व विकास को और निखारने के लिए उच्च शिक्षा विभाग उन्हें निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहा है। यह प्रशिक्षण बेंगलुरु के एसजीबीएस उन्नति फाउंडेशनद्वारा स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को दिया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग ने मध्यप्रदेश के सभी शासकीय महाविद्यालयों में यह प्रशिक्षण लगभग एक माह का होगा। दरअसल, छात्रों के विकास के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने एसजीबीएस उन्नति फाउंडेशन के साथ अनुबंध किया है।


### 10 हजार से अधिक विद्यार्थियों को दिया जा चुका प्रशिक्षण

स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक प्रदेश के 137 महाविद्यालयों में 345 प्रशिक्षण हो चुके हैं, इसमें 10 हजार से अधिक विद्यार्थियों को कौशल एवं व्यक्तित्व विकास की ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

### साक्षात्कार और जॉब कौशल पर विशेष फोकस

अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग श्री अनुपम राजन ने बताया कि पारंपरिक कोर्स कर रहे विद्यार्थियों को रोजगार अवसरों के अनुरूप तैयार करने के लिए जॉब इंटरव्यू तकनीक, संचार कौशल और व्यक्तित्व विकास पर विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# क्रिसमस महोत्सव के तहत मनेगा धन्यवाद रविवार



**भोपाल निप्र।** क्रिसमस महोत्सव का आरंभ होने जा रहा है और मसीह समाज के संपूर्ण विश्व के लोग 23.11.2025 को धन्यवाद रविवार (थैंक्सगिविंग संडे) बहुत उत्साह के साथ मनाने जा रहे हैं इस दिन मसीह समाज परमपिता परमेश्वर को मिलकर के धन्यवाद की भेंट चढ़ते हैं। क्योंकि परमेश्वर ने इस जगत के लोगों से ऐसा प्यार किया था कि अपने इकलौते पुत्र प्रभु यीशु मसीह को इस संसार में भेज करके मनुष्यों के पापों से छुटकारा,शैतान के साम्राज्य से छुटकारा,मानव जीवन में प्रेम,दया,सेवा और आनंद महोत्सव बनाने के माहौल बनाने के लिए प्रभु यीशु मसीह ने अपने द्वारा से इस दुनिया के स्वार्थी जीवन से ऊपर उठकर मानव सेवा में अपने आप को दिया इसीलिए धन्यवाद की भेंट के साथ धन्यवाद रविवार (थैंक्स गिविंग संडे) मनाया जाता है।

प्रथम आगमन का रविवार 30/11/2025 को होगा यहां से क्रिसमस महोत्सव का आरंभ होता है जिसमें सेवा कार्य विधवा,अनाथ,वृद्ध आश्रम,कुष्ठ आश्रम दरिद्र और असहाय लोगों की सहायता करना उन्हें नए जीवन की आशा का संदेश देना तथा अपने जीवन के महत्व को समझ करके परमपिता परमेश्वर की इच्छा को लोगों तक पहुंचाना यह विशेष कार्य इन दिनों में किए जाएंगे।11 नवंबर से 23 दिसंबर तक केरोल सिंगिंग के लिए भोपाल शहर के विभिन्न अलग-अलग स्थान पर जाकर के केरोलस के द्वारा से प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव को लोगों तक पहुंचाएंगे।24 दिसंबर तारीख को कैंडल लाइट सर्विस होगी। 25 दिसंबर तारीख को क्रिसमस की आराधना रात्रि 12:00 बजे से कैथोलिक चर्च में और प्रातः 6:00 बजे से 12:00 बजे दिन तक प्रोटेस्टेंट चार्ज के अलग-अलग आराधना गिरजाघर में सामूहिक दान एवं प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव से संबंधित संदेश प्रसारित किए जाएंगे।इन्हीं दिनों में क्रिसमस गेट टूगेदर एवं क्रिसमस के आनंद को सब लोगों तक पहुंचाने का काम किया जाएगा सेंट जॉन्स ईएलसी चर्च गोविंदपुरा में इन विशेष कार्यक्रमों को रेवेन्यू डॉक्टर अनिल मार्टिन की अध्यक्षता में संचालित किया जाएगा।

# साइबर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**भोपाल, नप्र।** रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, रायसेन में दूरसंचार विभाग के सहयोग से 'संचार साथी एवं साइबर धोखाधड़ी जागरूकता' विषय पर विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दूरसंचार विभाग के डायरेक्टर टेक्नोलॉजी श्री निलेश श्रीवास्तव रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. पी. दुबे द्वारा स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने संचार सुरक्षा और डिजिटल जागरूकता के क्षेत्र में ऐसे कार्यक्रमों को समय की आवश्यकता बताया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और विशेषज्ञ वक्ता असिस्टेंट डायरेक्टर जनरल श्री हर्षित मोदी रहे, जिन्होंने संचार साथी ऐप, साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन फ्रॉड पहचानने के तरीकों तथा श्रस्न्न जागरूकता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रस्तुति के दौरान वीडियो और क्क्ष्ज्ञ के माध्यम से विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान किया और उन्हें डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के उपाय भी बताए।

कार्यक्रम में असिस्टेंट डायरेक्टर टेक्नोलॉजी एवं संचार मित्र योजना की समन्वयक सुश्री रश्मि करंदीकर ने संचार मित्र योजना का उद्देश्य, कार्यप्रणाली और युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर सुरक्षा जागरूकता और जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार आवश्यक है।

अंत में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मी सिंह द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। उन्होंने दूरसंचार विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।

कार्यक्रम में संचार मित्र विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राएँ तथा संकाय सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# प्रदेश पुलिस परिवहन शोध संस्थान द्वारा वाहन बीमा संबंधी एडवाइजरी जारी

**भोपाल, नप्र।** पुलिस परिवहन शोध संस्थान ने सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने और नागरिकों में वाहन बीमा के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। हाल के वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं और उनसे जुड़ी आर्थिक एवं कानूनी जटिलताओं में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए यह सलाह नागरिकों की सुरक्षा और हितों को केंद्र में रखकर तैयार की गई है।

### वाहन बीमा क्यों अनिवार्य है—

1. मानसिक शांति- बीमित वाहन के साथ यात्रा अधिक सुरक्षित और निश्चिंत होती है। आकस्मिक घटना की स्थिति में बीमा एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच प्रदान करता है।
2. दुर्घटना में आर्थिक सुरक्षा- सड़क दुर्घटना होने पर वाहन मरम्मत, अस्पताल उपचार और अन्य खर्च अत्यधिक हो सकते हैं। बीमा इन भारी खर्चों का बोझ कम करता है तथा वाहन स्वामी को आर्थिक संकट से बचाता है।
3. थर्ड पार्टी दायित्वों की भरपाई- दुर्घटना में किसी व्यक्ति को चोट लगने, मृत्यु होने अथवा संपत्ति नुकसान की स्थिति में थर्ड पार्टी बीमा बेहद महत्वपूर्ण होता है। ऐसे मामलों में संपूर्ण आर्थिक दायित्व बीमा कंपनी वहन करती है, जिससे वाहन स्वामी पर अतिरिक्त भार नहीं पड़ता।
4. अपने वाहन की सुरक्षा- सड़क दुर्घटना, आग, प्राकृतिक आपदा, तोड़फोड़ या वाहन चोरी जैसे मामलों में बीमा लाखों रुपये के संभावित नुकसान से बचाव करता है। यह वाहन स्वामी के लिए एक व्यापक सुरक्षा व्यवस्था है।
5. कैशलेस मरम्मत सुविधा नेटवर्क-गैरेज में बिना नगद भुगतान के मरम्मत की सुविधा बीमित वाहन को तत्काल और गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करती है।

### बिना बीमा वाहन चलाने के कानूनी और वित्तीय दुष्परिणाम

पुलिस परिवहन शोध संस्थान ने एडवाइजरी में स्पष्ट किया है कि

1. किसी भी मोटरयान को सार्वजनिक स्थान पर प्रयोग करने के लिए वाहन का कम से कम थर्ड पार्टी पक्षकार का बीमा होना आवश्यक है। (धारा 146 मोटरयान अधिनियम 1988)
2. बिना वैध बीमा के वाहन चलाने या चलवाने पर मोटर व्हीकल अधिनियम 1988 की धारा 196 के तहत दोपहिया वाहन 1000 रुपये, हल्का यान 3000 रुपये, भारी मध्यम यान पर 5000 रूपये के जुर्माने के अतिरिक्त कानूनी कार्यवाही भी की जा सकती है।
3. सड़क दुर्घटना होने पर यदि वाहन का बीमा है तो पीड़ित की ओर से दावा होने पर बीमा कंपनी उत्तरदायी होगी। यदि बीमा नहीं है तो दावे की राशि के लिए वाहन स्वामी उत्तरदायी होता है।
4. सड़क दुर्घटना होने पर बीमा संबंधित समस्त जानकारी पीड़ित की ओर से पक्षकार के द्वारा मांगे जाने पर वाहन चालक/स्वामी तत्काल उन्हें उपलब्ध कराएगा।
5. किसी पुलिस अधिकारी ?द्वारा बीमित वाहन की जानकारी मांग किए जाने पर वाहन स्वामी चालक जानकारी उपलब्ध करायेगा। सड़क दुघर्टना घटित होने की दशा में यदि कोई पुलिस अधिकारी उपस्थित नहीं है, तो घटना की जानकारी निकटतम पुलिस थाने को यथासंभव शीघ्र तथा हर दशा में घटना के पश्चात चौबीस घंटे के अंदर देगा। मध्यप्रदेश पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील की है कि अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए वाहन बीमा समय पर अवश्य करवाएँ। दुर्घटना या अप्रिय घटना की स्थिति में बीमा ही आपको कानूनी, आर्थिक और मानसिक सुरक्षा प्रदान करता है।मध्यप्रदेश पुलिस का संदेश है कि आपकी हर यात्रा सुरक्षित रहे।वाहन बीमा सिर्फ कानूनी दायित्व ही नहीं अपितु सुरक्षित यात्रा की अनिवार्य शर्त व सामाजिक जिम्मेदारी भी है। समय-समय पर बीमा का नवीनीकरण और अद्यतन दस्तावेज रखना ज़रूरी है।

# बर्फबारी का असर, मध्यप्रदेश में 15 दिन से कड़ाके की ठंड

### आज 7 जिलों में शीतलहर का अलर्ट



**भोपाल निप्र।** पहाड़ी इलाकों में जारी बर्फबारी का प्रभाव अब मध्यप्रदेश में भी गहराई से महसूस होने लगा है। पिछले करीब आधे महीने से राज्य कड़ाके की सर्दी की चपेट में है। बीते 24 घंटों में भोपाल, इंदौर समेत 7 जिलों में शीतलहर दर्ज की गई, जबकि नरसिंहपुर में दिन का मौसम असामान्य रूप से ठंडा रहा। रात के समय भी कई शहरों में तापमान लगातार गिरा। शनिवार को भी भोपाल और इंदौर सहित 7 जिलों के लिए शीतलहर का अलर्ट जारी है।

**पचमढ़ी में सीजन का न्यूनतम 5.8 डिग्री तापमानः** गुरुवार से शुक्रवार की रात के बीच पचमढ़ी राज्य के एकमात्र हिल स्टेशन में इस सीजन पहली बार तापमान 5.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। नर्मदापुरम में घना कोहरा छाया रहा और विजिबिलिटी 500 से 1000 मीटर के बीच रही। वहीं भोपाल और इंदौर में न्यूनतम पारा लगातार 10 डिग्री से नीचे बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार-शुक्रवार की रातों में भोपाल 9.6 डिग्री, इंदौर 8.4 डिग्री, ग्वालियर 12.8 डिग्री, उज्जैन 11.5 डिग्री और जबलपुर 11.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। छतरपुर के नौगांव में तापमान 8.5 डिग्री, खरगोन में 8.8 डिग्री, नरसिंहपुर में 9 डिग्री और खंडवा में 9.4 डिग्री रहा। अन्य जिलों में भी तापमान लगातार नीचे जा रहा है। शुक्रवार को दिन के समय भी कई शहरों में ठंड बढ़ी हुई रही। भोपाल में तेज ठंडी हवाएं चलीं और धुंध के कारण विजिबिलिटी प्रभावित हुई। नर्मदापुरम और जबलपुर सहित कई क्षेत्रों में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा।

**हवा की दिशा बदली, ठंड से राहत की उम्मीदः** सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि अब उत्तरी हवाओं की गति और दिशा में बदलाव आया है, जिसके चलते शीतलहर के प्रभाव में कमी आ सकती है और मौसम हल्का राहत देने लग सकता है।

**इस बार नवंबर की शुरुआत में ही तेज ठंड का असरः** पिछले एक दशक में नवंबर के दौरान ठंड के साथ बारिश का ट्रेंड देखा गया है। इस बार भी मौसम का मिजाज कुछ इसी तरह रहा। आमतौर पर तेज ठंड दूसरे सप्ताह से शुरू होती है, लेकिन इस साल नवंबर के पहले ही हफ्ते से पारा तेज़ी से गिरने लगा। अक्टूबर में भी बारिश का प्रदर्शन सामान्य से काफी बेहतर रहा इस महीने 2.8 इंच वर्षा दर्ज की गई, जो औसत 1.3 इंच की तुलना में 121% अधिक है।

# वाइसरॉय कॉलोनी में 4 युवकों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

## राजधानी भोपाल में लगातार हो रहीं वारदातें

**भोपाल निप्र।** राजधानी भोपाल की कवर्ड कॉलोनियों में बदमाशों के हमलों का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला शाहपुरा की वाइसरॉय कॉलोनी का है, जहां करीब 20 युवकों ने आधी रात चार दोस्तों को घेरकर लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा। गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात हुई इस वारदात का सीसीटीवी वीडियो शुक्रवार रात सामने आया। पुलिस के मुताबिक, वाइसरॉय कॉलोनी निवासी और सेज यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर विशाखा श्रीवास्तव का बेटा शेखर अपने दोस्तों आकाश, विशाल और नवल के साथ रात करीब दो बजे अरेरा हिल्स गया था। वहां उनकी बाइक की टक्कर एमपी 04 सीएम 0568 नंबर की कार से हो गई। बहस बढ़ी तो दोनों पक्षों में तीखा विवाद हुआ। स्थिति तनावपूर्ण होते देख युवकों ने डायल-112 को बुला लिया। पुलिस ने मामला शांत कर चारों दोस्तों को घर छोड़ दिया।

### हमलावर पीछे-पीछे घर पहुंच गए

विवाद करने वाले युवक मामला यहीं खत्म नहीं होने देना चाहते थे। वे रात करीब चार बजे शेखर के घर तक पहुंच गए और बाहर बुलाकर हमला कर दिया। करीब 20 बदमाश हथियार और डंडे लेकर आए और चारों दोस्तों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। वारदात के बाद धमकी देकर फरार हो गए। सूचना पर शाहपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

### हमलावर ने खुद को 'आईजी का बेटा' बताया

शाहपुरा पुलिस के एसआई हरीश गुर्जर के अनुसार, घायल पक्ष ने बताया कि हमलावरों में से एक युवक खुद को 'आईजी का बेटा' बता रहा था। हालांकि इस दावे की पुष्टि नहीं हुई है। जिस कार से विवाद शुरू हुआ, वह ई-4 निवासी सपना।

# भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में अभ्युदय मध्यप्रदेश के दर्शन

**भोपाल निप्र।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश विकसित भारत@2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अग्रसर है। सूक्ष्म, लघु एवं उद्यम मध्यम उद्योग मंत्री श्री चैतन्य काश्यप ने 44वे अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश दिवस के अवसर पर यह बाते कहीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 18 नई नीतियां बनाई है, जो निवेशमित्र है और निवेशकों को आकर्षित करती हैं। मंत्री श्री काश्यप ने मध्यप्रदेश मंडप का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर मंडप का भ्रमण किया। इस अवसर पर मंदसौर की सांसद श्री सुधीर गुप्ता, और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। अभ्युदय मध्यप्रदेश के दर्शन प्रगति मैदान दिल्ली में चल रहे भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में किए जा सकते हैं। 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' थीम पर 14 से 27 नवंबर तक चलने वाले मेला में मध्यप्रदेश की विरासत से विकास की अद्भुत झांकी, एक जिला-एक उत्पाद और परम्परागत कलाकृतियों आगंतुकों को आकर्षित कर रही है।



**मध्यप्रदेश मण्डपः** मध्यप्रदेश देश का हृदय प्रदेश है। यहां कि ऐतिहासिक धरोहर, प्रचुर प्राकृतिक संसाधन, धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल, लोक परम्पराओं की समृद्धि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' को न केवल पूरी कर रही है अपितु विश्व पर्यटन मानचित्र पर इसे अग्रणी स्थान दिला रही है। अमेरिका से प्रकाशित एक प्रतिष्ठित पत्रिका ने विगत वर्ष मध्यप्रदेश को दुनिया के टॉप 10 टूरिज्म डेस्टिनेशन में शामिल किया जो गौरव का विषय है। इस सन्दर्भ का उल्लेख प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा 25 दिसम्बर को खजुराहो में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेई की जयंती कार्यक्रम में किया गया था

44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश मण्डप ग्वालियर किला के रूप में तैयार किया गया है। मण्डप के केन्द्र में 64 योगिनी मन्दिर मुरैना के दर्शन होते है। मण्डप को मेले की थीम 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के अनुरूप सजाया गया है। लुटियन्स ने जब भारतीय संसद भवन का डिजाइन तैयार किया था तब उन्होंने भारत वर्ष की प्रसिद्ध इमारतों के डिजाईन बुलवाये थे, जिसमें से उन्होने मुरैना जिले के 64 योगिनी मन्दिर का चयन कर भारतीय संसद भवन का निर्माण कराया था। मण्डप में मध्यप्रदेश की विश्व धरोहार खजुराहों, सांची स्तूप एवं भीमबेटका के साथ प्रस्तावित धरोहर स्थलों, विभिन्न सांस्कृतिक माहोत्सव, हस्तशिल्प, हाथकरघा, जी.आई. ओ.डी.ओ.पी. उत्पादों को भी सजाया गया है।

# भोपाल में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट शिविर का हुआ सफल आयोजन

**भोपाल निप्र।** भारत सरकार के डिजिटल इंडिया विजन के तहत ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश पर मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) द्वारा पेंशनर्स की सुविधा के लिए 20 नवंबर को भोपाल स्थित एम.पी. ट्रांसको के प्रशासनिक भवन, बिजली नगर, गोविंदपुरा में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। एम.पी. ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल मेहरोत्रा ने बताया कि शिविर में पेंशनर्स को लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाने की संपूर्ण प्रक्रिया समझाई गई। इससे उपस्थित पेंशनर्स को आधुनिक डिजिटल सुविधाओं का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, रेणु शर्मा द्वारा प्रदेशवॉच मीडिया ग्रुप, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर भोपाल, से मुद्रित तथा ई-3/23, अरेरा कॉलोनी, भोपाल (मप्र) से प्रकाशित। संपादक-आशीष गोस्वामी
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा।) Email : narmadanewsttp@gmail.com, मोबाईल . 7697769136